

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 279 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 3 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — 10 करोड़ 78 लाख 20 हजार की लागत से बिहारपुर व बिश्रामपुर में शीघ्र ...

मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रेली — पेज -8 पर


# भू-अर्जन बिना मलका के हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन अवैध-एसडीएम

## समाचार प्रकाशित होने के बाद जागा प्रशासन, नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के दमास में प्रस्तावित एक लघु जल विद्युत परियोजना को लेकर स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिसमें प्रभावित किसानों की निजी जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया के बिना ही परियोजना का काम शुरू कर दिया गया है। इस मामले को लेकर धरमजयगढ़ एसडीएम ने पहले कहा था कि संबंधित कंपनी निजी जमीनों का क्रय करेगी।

लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि भू-अर्जन अधिनियम का पालन किए बिना किसी भी प्राइवेट प्रोजेक्ट की स्थापना नहीं हो सकती है। धरमजयगढ़ तहसील के दमास में मलका रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा 8 मेगावाट का लघु जल विद्युत परियोजना का क्रियान्वयन प्रस्तावित है। इस मामले पर अपनी पिछली रिपोर्ट में हमने बताया था कि किस तरह से प्रभावित किसानों के हितों की अनदेखी कर इस प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही इस बात को भी रेखांकित किया गया था कि मलका कंपनी के महाप्रबंधक द्वारा कथित तौर पर जमीन अधिग्रहण की बात तो कही जा रही है। लेकिन इसके विपरीत कंपनी द्वारा एक प्रभावित किसान की जमीन क्रय की गई है। इस तरह मलका कंपनी द्वारा भू-अर्जन अधिनियम का उल्लंघन कर परियोजना का काम शुरु कर दिया गया और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बनी रही। अब इस मामले को लेकर ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि इस प्रोजेक्ट के लिए भू-अधिग्रहण के नियमों को धता बताते हुए



जिम्मेदार प्रभावित किसानों के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज करते रहे। किसी भी परियोजना के लिए प्रभावित निजी भूमि के उपयोग के लिए भू-अर्जन अधिनियम के तहत अधिग्रहण की प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होता है। जिसमें भू-अर्जन अधिनियम की धारा 4 (1) के अधीन अधिसूचना जो निर्दिष्ट भूमियों के अर्जन के लिये सरकार का अभिप्राय घोषित करती है और प्रभावित भू-स्वामियों से आपत्तियां मांगती है। वहीं, अधिनियम की धारा 6 जो उनके विरूद्ध आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात भूमि के अर्जन की अधिसूचना देती है। जो राजकीय गजट तथा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाती है। जिसके बाद धारा 11 का प्रकाशन व अवार्ड पारित करने की कार्यवाही की जाती है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता के साथ प्रभावित किसानों को उचित प्रतिकर प्रदान करना होता है लेकिन दमास में प्रस्तावित जल विद्युत परियोजना के लिए इन नियमों के पालन बिना ही प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया है। बता दें कि भू-अर्जन की प्रक्रिया सुनिश्चित करना राजस्व विभाग की जिम्मेदारी होती है। इसके अलावा इस मामले में पांचवीं अनुसूची में शामिल क्षेत्रों के लिए निर्धारित उपबन्धों व पेसा कानून का खुला उल्लंघन किया गया। इस पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन की गंभीर लापरवाही बरतने की बात सामने आ रही है क्योंकि इसी क्षेत्र में एक अन्य समान उत्पादन क्षमता के जल विद्युत परियोजना हेतु भू-अर्जन की प्रक्रिया के तहत निजी जमीन का अधिग्रहण किया गया है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

लगातार




### निजी भूमि का अधिग्रहण जरूरी- डिगेश पटेल


*इस परियोजना के प्रभावित निजी भूमि के उपयोग हेतु निर्धारित नियमों को लेकर कंपनी और प्रशासन की बातों में तमाम विरोधाभासों के बीच अब धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल ने कहा है कि पांचवीं अनुसूची में शामिल धरमजयगढ़ क्षेत्र में किसी भी परियोजना की स्थापना के लिए भू-अर्जन, पेसा व अन्य अधिनियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसके बिना प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन अवैध है। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी को दस्तावेज पेश करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। एसडीएम ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और अधिनियम के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।*

# छत्तीसगढ़ में बारिश का रेड अलर्ट

*रायपुर में देर रात से हो रही बरसात, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा समेत कई जिलों में बरसेंगे बादल*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने रायगढ़, कोरबा और सरगुजा के लिए रेड और जशपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिले के लिए ऑरेंज और सरगुजा, पेंड्रा, बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। रायपुर में देर रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही है ।

ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों के एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है, वहीं जिन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है वहां मध्यम से भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।



प्रदेश में इस सीजन में सबसे ज्यादा बीजापुर में 1023.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि बालोद में 640 मिमी, रायपुर में 647.8 मिमी और सुकमा में 812.8 मिमी बारिश 1 जून से 1 अगस्त तक रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से ज्यादा है। जबकि सरगुजा में केवल 219 मिमी ही बारिश हुई है, जो यहां सूखे जैसी स्थिति को बताता है। हालांकि मौसम विभाग ने जो यलो अलर्ट जारी किया है। उसके मुताबिक अब यहां अच्छी बारिश के संकेत हैं।

# ईडी ने शुरू की डीएमएफ खर्चों की जांच

7 साल के खर्चों का मांगा ब्यौरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब ईडी ने प्रदेश के डीएमएफ के खर्चों की अपनी नजर डाली हैं। बताया गया कि ईडी ने सभी जिलों से पिछले 7 साल के खर्चों का ब्यौरा मांगा है। कहा जा रहा है कि ईडी कुछ सप्लायरों से पूछताछ भी कर सकती है। बताते चले कि छत्तीसगढ़ में ईडी पहले ही कोयला और शराब केस की जांच कर रही है। 2 प्रकरणों मे ईडी एक दर्जन से अधिक अफसर, कारोबारी, और अन्य लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। वही, आने वाले दिनों में ईडी कार्रवाई और तेज कर सकती है।




## एक नजर

### रिटायर्ड आईएएस अमृत खलखो को सरकार ने दी संविदा नियुक्ति

समाज कल्याण विभाग में सचिव के साथ दी यह अहम जिम्मेदारी



**रायपुर।** सेवानिवृत्त आईएएस अमृत कुमार खलखो को राज्य सरकार ने एक वर्ष की अवधि के लिए समाज कल्याण विभाग में सचिव के पद पर नियुक्त किया है. इसके साथ ही उन्हें राज्यपाल का सचिव एवं समाज कल्याण आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में खलखो को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा ( संविदा नियुक्ति ) नियम, 2012 के प्रावधानों व शर्तों पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

### 2000 रुपए के 88 प्रतिशत नोट हुए वापस

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के 2000 रुपए के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा के बाद से अबतक 88 प्रतिशत नोट बैंक में वापस आ गए हैं.

# नगर पंचायत धरमजयगढ़ में हो रहा घटिया निर्माण, सड़क बनते ही उखड़ना शुरू

घटिया निर्माण के बाद भी आसानी से हो जाता बिल भुगतान, सब है कमीशन का खेल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ नगर पंचायत किसी न किसी मुद्दे को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। कुछ समय पहले अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर खुब उठक पटक हुई। अध्यक्ष की कुर्सी की लड़ाई तो खत्म हुआ, लेकिन अब नगर पंचायत धरमजयगढ़ निर्माण कार्य को लेकर नगर में खुब सुर्खियां बटोर रही है। नगर में चर्चा बना हुआ है कि नगर पंचायत इन दिनों नगर में कई प्रकार का काम करवा रहे हैं। लेकिन एक भी कार्य गुणवत्ता के साथ नहीं किया जा रहा है। सीसी सड़क का तो ये हाल है कि बनते ही उखड़ना शुरू हो रहा है। नगर में हो रहे घटिया




निर्माण कार्य नगरवासी को तो दिखाई दे रहा है, लेकिन नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों को घटिया निर्माण दिखाई नहीं दे रहा है। शासन से आये विकास कार्य के लिए लाखों करोड़ों रूपये को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया जा रहा है। और नगर पंचायत की जनता नगर विकास के लिए चुनकर भेजे गये जनप्रतिनिधि अपने जेब भरने में मस्त हो गये हैं? जिसका नतीजा है कि नगर में विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। अगर जनप्रतिनिधि अपने जेब भरने में मस्त नहीं है तो फिर नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार पर चूप क्यों बैठे हैं? क्या नगर की जनता इसी के लिए चूनकर नगर सरकार में भेजा था। ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य करने के बाद भी ठेकेदार को आसानी से बिल का भुगतान हो जाना नगरवासियों के लिए समझ से परे हैं। लाखों का सड़क बनते ही उखड़ना शुरू हो जा रहा है और नगर पंचायत अधिकरी, इंजीनियर एवं परिषद आंख बंदकर तमाशा देख रहे हैं क्या इनकी जिम्मेदारी नहीं है कि नगर में हो रहे निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो रहा है या नहीं इसकी जांच करें? क्या सिर्फ ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर ठेकेदार को लाखों करोड़ों का लाभ पहुंचाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है? अगर इनका काम ठेकेदार को लाभ पहुंचाना नहीं है तो फिर नगर में हो रहे घटिया निर्माण की जांचकर घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार पर कार्यवाही करें।

# 'भूपेश है तो भरोसा हैं' के साथ संविदा कर्मियों ने की हड़ताल स्थगित

पिछले 1 महीने से कर रहे थे स्ट्राइक

**रायपुर।** 3 जुलाई से नियमितिकरण की मांग को लेकर चल रही संविदा कर्मचारियों की हड़तला स्थगित हो गई है. जिसकी जानकारी छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने दी है। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष कौशलेश तिवारी ने कहा, छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए एवं भूपेश हैं तो भरोसा हैं पर विश्वास रखते हुए 3 जुलाई से चली आ रही संविदा कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन को आज स्थगित किया जाता है। विगत 30 दिनों तक हमने संविदा कर्मचारियों के दर्द, पीड़ा और मांग को शासन तक पहुंचाने में सफल रहे हैं. हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्णत: विश्वास है कि हम जिन मांगों को लेकर आंदोलनरत थे, वे सभी मांगें आगामी दिनों में जरूर पूर्ण होगी.




# अध्यक्ष बनने के बाद खड़गे पहली बार आ रहे छत्तीसगढ़

दीपक बैज के न्योते को किया स्वीकार

**रायपुर।** कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे 11 अगस्त को पहली बार छत्तीसगढ़ आएंगे. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निमंत्रण पर खड़गे मिनी माता की पुण्यतिथि पर जांजगीर-चांपा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस दौरान आयोजित आमसभा को कांग्रेस अध्यक्ष संबोधित करेंगे.



**करोड़ों की राशि लौटाई** — मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लौटाई चिटफंड के पीड़ित निवेशकों की राशि

# पीड़ित निवेशकों को राशि लौटाने वाला देश का पहला राज्य है छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने वायदे के अनुसार चिटफंड के पीड़ित निवेशकों को उनकी राशि लौटा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय से राज्य के 7 जिलों के 35 हजार 378 पीड़ित निवेशकों को 4 करोड़ 13 लाख 88 हजार 996 रूपए की राशि लौटाई गई। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर अब तक राज्य के 81 हजार 204 पीड़ित निवेशकों को 37 करोड़ 92 लाख 99 हजार 656 रूपए की राशि लौटाई जा चुकी है, 208 चिटफंड कंपनियों के खिलाफ 462 प्रकरण दर्ज किए गए हैं और




इनसे संबंधित 700 से अधिक डायरेक्टर्स/ पदाधिकारियों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने आज रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, धमतरी, मनेंद्रगढ़ , कोरिया और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 35,378 निवेशकों को चिटफंड कम्पनियों द्वारा हड़पी गई राशि लौटाई । इसमें रायपुर जिले के 13 हजार 676 निवेशकों को एक करोड़ 44 लाख 37 हजार रूपए, बिलासपुर जिले के 16 हजार 615 निवेशकों को आज 84 लाख 55

**अब तक 81 हजार 204 पीड़ित निवेशकों को लौटाई गई 37 करोड़ 92 लाख 99 हजार 656 रूपए की राशि**

हजार रुपए की राशि वापस की गई है। इसी तरह से राजनांदगांव जिले के 4835 निवेशकों को आज एक करोड़ 10 लाख रुपए और धमतरी जिले के 43 निवेशकों को 12 लाख 55 हजार की राशि वापस दी गई। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 110 निवेशकों को 44 लाख 41 हजार 895 रूपए, कोरिया जिले के 94 निवेशकों को 17 लाख 18 हजार 960 रूपए और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ जिले के 5 निवेशकों को 54 हजार 100 रूपए की राशि का अंतरण किया गया है। हितग्राहियों को आनलाइन संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई करके पीड़ित निवेशकों का पैसा वापस लौटाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे द्वारा की गयी कार्रवाई को देखते हुए अब दूसरे राज्य भी हमसे ये पूछ रहे हैं कि ये कैसे संभव हो पाया है।

# उप मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति के सामान्य परिषद की ली बैठक

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव की अध्यक्षता में आज रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के स्वशासी समिति के सामान्य परिषद की बैठक हुई।



उन्होंने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने नए मेडिकल उपकरण और सभी विभागों में पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन की व्यवस्था पर जोर दिया। सामान्य परिषद की बैठक में मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटों में हुई वृद्धि को देखते हुए सभी विभागों में सर्वसुविधायुक्त नए लेक्चर हॉल के निर्माण की मंजूरी दी गई।

# कथनी-करनी के बीच उबल रही है पृथ्वी, राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर मानसिकता बदलने की दरकार

इसे अमेरिका और मैक्सिको की सीमाओं का प्रतीक कहना काफी हद तक मुनासिब होगा। सगुआरो कैक्टस 16 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ता है। इसकी दर्जन भर शाखाएं मनुष्य की भुजाओं की तरह दिखती हैं। इसका वजन तकरीबन दो टन तक हो सकता है और यह भीषण गर्मी में भी 150 साल तक अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए जाना जाता है। इसकी आनुवांशिक कोडिंग ऐसी होती है, जो इसे बेहद शुष्क व गर्म माहौल में भी बचाए रखती है।

यही वजह है कि इसे दक्षिण-पश्चिम के प्रहरी की उपाधि मिली हुई है। लेकिन अब इसकी प्रतिष्ठा संकट में है। एरिजोना और कई राज्यों में लगातार 30 दिन तक तापमान 42 डिग्री से ऊपर रहने की वजह से सगुआरो कैक्टस मुरझा रहे हैं। मौसम की यह मार केवल भौगोलिक या राजनीतिक हद तक सीमित नहीं है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, पृथ्वी की सतह का वैश्विक औसत तापमान इस जुलाई में अब तक का सबसे ज्यादा रहा है। जुलाई में इतिहास के तीन सर्वाधिक गर्म दिन दर्ज किए गए। इतना ही नहीं, वर्ष के इस समय में समुद्र का अब तक का अधिकतम तापमान भी दर्ज हुआ। उत्तरी गोलार्ध का बड़ा हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। कनाडा से लेकर यूनान तक के जंगल आग से धधक रहे हैं। अमेरिका के दो-तिहाई राज्यों में गर्म हवाओं के चलते अलर्ट घोषित हुआ है। स्पेन के कैटेलोनिया में रिकॉर्ड 45.4 डिग्री, इटली के सार्डिनिया में 48.2 डिग्री, चीन के शिनजियांग में 52.2 डिग्री और ट्यूनीशिया के ट्यूनिस में रिकॉर्ड 49 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। बात सिर्फ गर्म हवाओं की नहीं है। मुंबई में जुलाई की बारिश ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भारी बारिश और ब्यास व यमुना नदियों के उफान ने पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कहर बरपाया है। अभी पिछले हफ्ते बाढ़ के पानी ने गुजरात के जूनागढ़ से लेकर छत्तीसगढ़ के रायपुर और असम के जोरहाट तक देश भर में कई जिंदगियों, घरों और आजीविकाओं को तबाह कर दिया। ग्लोबल वार्मिंग की भयावहता ध्रुवीय क्षेत्रों के आंकड़ों से भी जाहिर होती है। नेशनल स्नो ऐंड आइस डाटा सेंटर



ने खुलासा किया कि जुलाई में अंटार्कटिका के आस-पास के क्षेत्र की समुद्री बर्फ 1981 से 2010 तक के औसत से कहीं ज्यादा तेजी से पिघली है और वहां की बर्फ औसत से 26 लाख वर्ग किलोमीटर कम हुई है, जो कि तकरीबन अर्जेंटीना के क्षेत्रफल के बराबर है। वहीं, आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ 1981 से 2010 के औसत से 13 लाख वर्ग किलोमीटर कम हुई है। 1979 के बाद से अब तक आर्कटिक क्षेत्र की समुद्री बर्फ में 19.9 लाख वर्ग किलोमीटर की कमी आई है, जो कि मैक्सिको के कुल क्षेत्रफल के बराबर है। हालांकि, यह जो कुछ हो रहा है, उसकी भविष्यवाणी पहले ही की जा चुकी है। 1990 के बाद से आईपीसीसी (जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल) की पांच रिपोर्टें पर्यावरण में आ रहे इन बदलावों को लेकर व्यापक साक्ष्य प्रस्तुत करती आ रही हैं। आईपीसीसी की पहली रिपोर्ट के तीन दशक बीत जाने के बाद दुनिया ज्यादा गर्म हुई है और यही गर्म हवाएं, कथनी और करनी में फर्क भी स्पष्ट कर रही हैं। अभी कुछ ही दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने घोषणा की कि, ग्लोबल वार्मिंग का युग खत्म और ग्लोबल ब्वॉइलिंग का युग शुरू होता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, यह कहने के बजाय पृथ्वी ने उबलना शुरू कर दिया है, कहना ज्यादा मुनासिब होगा। इस संदर्भ में दिखाई जा रही उदासीनता के नतीजे विभिन्न अध्ययनों ने बताए हैं। 2008 में आईपीसीसी की तकनीकी रिपोर्ट में कहा गया, उपलब्ध रिकॉर्ड और पर्यावरण के संबंध में लगाए गए अनुमान तमाम ऐसे साक्ष्य पेश करते हैं, जो बताते हैं कि पर्यावरण में आ रहे बदलावों से ताजा पानी के स्रोतों को खतरा है और इनसे चीन, पाकिस्तान और भारत जैसे देशों के लोगों पर, जो ग्लेशियर की बर्फ पिघलने पर निर्भर हैं, प्रतिकूल असर पड़ेगा। भारत में किसानों ने अनुभव किया है कि किस तरह से बढ़ता तापमान, बारिश का बदलता पैटर्न और मौसम में भीषण बदलाव फसल उत्पादन पर असर डाल रहे हैं। महासागरों के गर्म होने और उनकी अम्लीयता बढ़ने से मत्स्य पालन और जलीय कृषि का उत्पादन बाधित होता है। आईपीसीसी के छठे आकलन में पाया गया कि, %पर्यावरण में आए बदलावों से पैदा होने वाली खाद्य असुरक्षा और आपूर्ति में अस्थिरता और गैर-पर्यावरणीय जोखिमों के बढ़ने की आशंका भी बढ़ रही है।

> पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों की मानसिकता बदलनी जरूरी है। लोग मौसम में आ रहे बदलावों को किसी अन्य जगह हो रही घटनाओं का नतीजा मानते हैं। राजनीतिक स्तर पर भी इसे आज की नहीं, बल्कि भविष्य की समस्या के तौर पर देखा जाता है।

अफसोस की बात है कि इस दिशा में हम अब तक लक्ष्य निर्धारित करने से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ते कदम का जश्न मनाया जा रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में बिकने वाली साढ़े छह करोड़ से ज्यादा कारों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी बमुश्किल एक करोड़ है। इस क्षेत्र में अगुआ बने चीन में आधे से ज्यादा बिजली पैदा करने वाले संयंत्र कोयले पर आधारित हैं। पवन और सौर जैसे नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दिए जाने के बावजूद पूरी दुनिया में जितनी बिजली का उत्पादन होता है।

शंकर अय्यर

## संपादकीय

### सिटी स्मार्ट में अवरोध

अब आठ साल बाद हुए आकलन से सामने आया है कि स्मार्ट सिटी की महत्त्वाकांक्षी परियोजना अपने घोषित मकसद के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाई है। भारत के अधिकांश शहर आज भी विभिन्न कारणों से भारी दबाव में हैं। भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन की शुरुआत जून 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इस मिशन के तहत देश भर के सौ शहरों को चुना गया और बताया गया था कि वहां आधुनिक आधारभूत ढांचा विकसित करके उन्हें एक साफ-सुथरे पर्यावरण वाला नगर बनाया जाएगा। सरकार ने इसके लिए शुरुआती तौर पर 22 अरब डॉलर से ज्यादा की रकम आवंटित की थी। लेकिन अब आठ साल बाद हुए आकलन से सामने आया है कि ये महत्त्वाकांक्षी योजना अपने घोषित मकसद के मुताबिक आगे नहीं बढ़ पाई है। भारत के अधिकांश शहर आज भी बाहर से आने वाले श्रमिकों की बढ़ती संख्या के कारण भारी दबाव में हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो उनमें दावा किया गया है कि तय परियोजनाओं में से करीब 73 फीसदी पूरी हो चुकी हैं। लेकिन एक गैर-सरकारी संस्था सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि परियोजनाएं देर से चल रही हैं।

## संकटः दुनिया के सामने पांच बड़े खतरे, बचाव के लिए जरूरी है जागरुकता

**तेज बदलावों के दौर से गुजर रही दुनिया में वैसे तो अनेक चुनौतियां हैं, पर कुछ संकट इतने बड़े हैं कि उनकी ओर विशेष ध्यान देना जरूरी है। इसमें सबसे पहले नंबर पर है करीब 13,000 परमाणु हथियार, जो नौ देशों के नियंत्रण में हैं और लगभग 14 देशों में तैनात हैं। अमेरिकी हथियार अमेरिका के अलावा यूरोप के पांच देशों में तैनात हैं। रूस के परमाणु हथियार संभवतः कुछ समय बाद बेलारूस में भी तैनात होंगे।**

इनमें से हजारों हथियार उन समुद्री यानों में भी तैनात हैं, जो निरंतर समुद्रों में घूमते रहते हैं और जिनका उपयोग कहीं भी हमलों के लिए हो सकता है। इनमें से अधिकांश परमाणु हथियार उन परमाणु बमों से कई गुना अधिक विध्वंसक हैं, जिन्हें हिरोशिमा व नागासाकी पर गिराया गया था। अनेक विशेषज्ञों ने चिंता प्रकट की है कि विशेष परिस्थितियों में संशय और दूसरे पक्ष की आक्रामकता के गलत आकलन से परमाणु युद्ध आरंभ हो सकता है। इधर बड़ी सैन्य महाशक्तियों के आपसी संबंध निरंतर तनावग्रस्त होते गए हैं और यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में तो यह स्थिति और विकट हो गई है। यदि दुनिया में मौजूद परमाणु हथियारों में से मात्र 10 फीसदी का भी उपयोग किसी युद्ध में हो गया, तो विश्व में अधिकांश जीवन का अंत हो जाएगा। जो लोग तुरंत मारे जाएंगे, उससे कहीं अधिक लोग परमाणु बमों के उपयोग के बाद उत्पन्न स्थिति से मारे जाएंगे या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। अतः इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना ही उद्देश्य बनना चाहिए और इसके लिए परमाणु हथियारों को समाप्त करना जरूरी है। फिर भी जब तक यह व्यापक उद्देश्य प्राप्त न हो सके, तब तक परमाणु हथियारों के खतरे को कम करने के विभिन्न प्रयास, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढ़ते रहने चाहिए, जबकि हाल के वर्षों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समझौतों, विशेषकर अमेरिका-रूस समझौतों में कमी आई है। दूसरा बड़ा खतरा रोबोट या एआई हथियारों से जुड़ा है। यदि रोबोट तकनीक का सैन्य उपयोग इसी तरह बढ़ता रहा, जैसा हाल के समय में देखा गया है, तो शीघ्र ही ऐसी स्थितियां उत्पन्न हो जाएंगी, जिनसे निपटने के लिए दुनिया अभी तैयार नहीं है। विशेष परिस्थितियों में ये हथियार मानव नियंत्रण के बाहर भी हो सकते हैं। रोबोट व एआई तकनीक से जुड़े अनेक वरिष्ठ वैज्ञानिक इस बारे में चेतावनी जारी कर चुके हैं कि रोबोट व एआई तकनीक के सैन्य उपयोग पर रोक लगाई जाए।



> वैश्विक खतरों के प्रति विश्व में अधिक सजगता बहुत आवश्यक है। लोगों में सजगता बढ़ेगी, तभी इन्हें कम करने के लिए विश्व स्तर पर दबाव बढ़ेगा।

तीसरा बड़ा खतरा अंतरिक्ष के सैन्यीकरण की आशंका से जुड़ा हुआ है। इसे विश्व के लिए बड़े खतरों की आशंका वाला क्षेत्र माना जाता रहा है, इसके बावजूद यह भी सत्य है कि अनेक बड़ी सैन्य शक्तियां अंतरिक्ष के सैन्यीकरण की संभावनाएं तलाश रही हैं और उनके वैज्ञानिक इस संभावना की दिशा में कार्य कर रहे हैं। अंतरिक्ष युद्ध व रोबोट के सैन्य उपयोग की दिशा में प्रयास इस कारण भी बढ़ रहे हैं।

भारत डोगरा

# मिला जुला

### नो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत



भोपाल। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मौत हो गई है. अब तक कुल 9 चीतों की मौत हो चुकी है. इनमें छह चीता और कूनो में जन्मे तीन शावक शामिल हैं. आज जिस चीते की मौत हुई, वह मार्च के बाद से मरने वाला छठा वयस्क चीता है. मध्य प्रदेश वन विभाग ने इस बारे में बुधवार के एक बयान जारी कर जानकारी दी. मध्य प्रदेश वन विभाग ने कहा है कि आज सुबह मादा चीतों में से एक धात्री (तिब्लिसी) मृत पाई गई. मौत का कारण जानने के पोस्टमार्टम किया जा रहा है. 14 चीते जिनमें सात नर, छह मादा और एक मादा शावक को कूनो के बाड़े में रखा गया है. एक मादा चीता खुले में है, जिसकी एक टीम निगरानी कर रही है. वन विभाग ने बयान में कहा है कि उसे स्वास्थ्य जांच के लिए वापस लाने के प्रयास जारी हैं. बता दें कि श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में 26 जून को 'सूरज' चीता को देर शाम बड़े बाड़े से खुले जंगल में आजाद कर दिया गया था.

## 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# संविधान सभा का जिक्र, सिब्बल ने दी दलीलें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने बुधवार को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस सूर्यकांत ने मामले की सुनवाई की. इस दौरान सीजेआई ने कहा कि संविधान सभा द्वारा पारित प्रस्ताव में शुरू में विचार किया गया था कि अवशिष्ट शक्ति राज्य के पास होगी. जब संविधान को अपनाया गया तब शक्ति केंद्र के पास आ गई थी.

इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि 370 को हटाने के लिए राज्य को कानून पारित करना होगा. भारत सरकार इसे नहीं हटा सकती. यहां विरोध की बात लागू नहीं होती. इसी स्थिति को स्वीकार किया गया था और इस तरह 370 अस्तित्व में आया, जो बाद में जारी रहा. उन्होंने आगे कहा- ... लेकिन बाद में 370 को अचानक हटा दिया गया. अचानक संसद में सरकार ने कहा कि हम यह कर रहे हैं. इस बात की जानकारी किसी को नहीं थी. कोई परामर्श नहीं हुआ. राज्य के राज्यपाल और संसद ने एक सुबह ऐसा करने का फैसला किया और 370 को खारिज कर दिया गया.




### 370 को हटाने की याचिकाओं पर दिलचस्प बहस

सिब्बल सीजेआई से- भारत सरकार और जम्मू कश्मीर राज्य के बीच यह समझ थी कि हमारी एक संविधान सभा होगी, जो भविष्य की कार्रवाई का निर्धारण करेगी, यह तय करेगी कि 370 को निरस्त किया जाना चाहिए या नहीं. वह निर्णय संविधान सभा का था. 370 को खत्म करने से पहले आपको संविधान सभा की सिफारिश लेनी होगी. संविधान निर्माताओं ने 1950 में यही सोचा था और यह 5 अगस्त तक लागू रहा तो फिर यह कैसे बदल सकता है?
सीजेआई- राज्य की संविधान सभा का कार्यकाल कितना रहा होगा?
सिब्बल- 1951-57 तक
सीजेआई- तो इसलिए, 7 साल के खत्म होने के साथ, संविधान सभा की संस्था ही समाप्त हो गई तो फिर आगे प्रावधान का क्या होगा?
सिब्बल-1951-57 के बीच संविधान सभा ने यह फैसला लिया.
सीजेआई- उसके बाद?
सिब्बल- इसके बाद तो कोई सवाल ही नहीं है.
सीजेआई- जब संविधान सभा समाप्त हो जाती है तो क्या होता है? किसी भी संविधान सभा का जीवन अनिश्चित नहीं हो सकता.
सिब्बल- बिल्कुल सही बात है. संविधान बनने के बाद संविधान सभा का कोई अस्तित्व नहीं रह सकता.
सीजेआई- क्या राष्ट्रपति के ऐसा करने से पहले, संविधान सभा की सलाह की जरूरत होती है? क्या होता है जब संविधान सभा की भावना समाप्त हो जाती है?
सिब्बल- राष्ट्रपति ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं कर सकते.
जस्टिस गवई- आपके मुताबिक 1957 के बाद ऐसा बिल्कुल नहीं किया जा सकता?
सिब्बल- नहीं

## मेवात-नूंह हिंसा में 6 मौतें

# बजरंग दल का देशभर में प्रदर्शन, दिल्ली में बदरपुर टोल प्लाजा किया जाम

**नूंह।** हरियाणा के मेवात-नूंह में हुई हिंसा में 6 लोगों की मौत हो गई. बजरंग दल ने हिंसा के विरोध में आज देशव्यापी प्रदर्शन बुलाया है. इसका असर जम्मू से लेकर दिल्ली-यूपी तक देखने को मिल रहा है. दिल्ली में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बदरपुर बॉर्डर जाम कर दिया. उधर, यूपी के संभल और सहारनपुर, मध्यप्रदेश के भोपाल समेत कई शहरों में भी बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया.



### कैसे फैली थी हिंसा?

दरअसल, नूंह में हिंदू संगठनों ने हर साल की तरह इस बार भी बृजमंडल यात्रा निकालने का ऐलान किया था. प्रशासन से इसकी इजाजत भी ली गई थी. सोमवार को बृजमंडल यात्रा के दौरान इस पर पथराव हो गया था. देखते ही देखते यह हिंसा में बदल गया. सैकड़ों कारों को आग लगा दी गई. साइबर थाने पर भी हमला किया गया. फायरिंग भी हुई. इसके अलावा एक मंदिर में सैकड़ों लोगों को बंधक बनाया गया. पुलिस की दखल के बाद लोगों को वहां से निकाला गया. पुलिस पर भी हमला हुआ. नूंह के बाद सोहना में भी पथराव और फायरिंग हुई.

### गुरुग्राम तक पहुंची हिंसा


मेवात-नूंह में सोमवार को शुरू हुई हिंसा गुरुग्राम तक पहुंच गई. भीड़ ने मंगलवार देर रात यहां मस्जिद पर हमला करके मौलवी की हत्या कर दी. इतना ही नहीं दुकानों को भी आग के हवाले किया गया. हिंसा में अब तक दो होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई. नूंह में कर्फ्यू लगा दिया गया. हिंसा पर काबू पाने के लिए अर्धसैनिक बलों की 20 टुकड़ियों को तैनात किया गया है.

## 18 वोटों से बदला राज्यसभा का गणित, सरकार के लिए दिल्ली बिल पास कराना आसान

नई दिल्ली। मणिपुर पर जारी गतिरोध के बीच लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली अध्यादेश बिल पेश किया गया। यह विधेयक दिल्ली में ग्रुप-ए के अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर आए अध्यादेश की जगह लेने के लिए लाया गया है। इस बिल को लोकसभा में दो प्रभावशाली क्षेत्रीय दलों वाईएसआर कांग्रेस और बीजेडी के जरूरी 18 वोट मिले। बीजेडी के समर्थन के बाद सरकार की राहत थोड़ी आसान जरूर हो गई है। अब राज्यसभा में भी दिल्ली अध्यादेश पारित होना लगभग तय है। एक और जहां वाईएसआरसीपी और बीजेडी ने इसका समर्थन किया तो कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, शशि थरूर, गौरव गोगोई, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने इसका विरोध किया। आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सत्ताधारी पार्टियों के खुले समर्थन के बाद 237 की प्रभावी ताकत वाले सदन में बिल का समर्थन करने के लिए सांसदों की संख्या सीधे 130 से बढ़ गई। बीजू जनता दल के राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्रा ने मंगलवार को कहा कि हमारी पार्टी दिल्ली सेवा अध्यादेश संबंधी विधेयक का समर्थन करेगी और सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगी।

## एक नजर

### मॉस्को पर ड्रोन से प्रहार, सुपरपावर रूस की हवाई सुरक्षा को कैसे चमका दे रहा है यूक्रेन



नई दिल्ली। लगभग 18 महीने से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है. रूस की राजधानी मॉस्को पर यूक्रेन लगातार ड्रोन हमला कर रहा है. रूस ने मंगलवार को दावा किया है कि यूक्रेन ने एक बार फिर मॉस्को की एक कॉमर्शियल बिल्डिंग पर ड्रोन से हमला किया है. पिछले तीन दिन में यह दूसरी बार है जब रूस पर ड्रोन अटैक हुआ है. हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों ने रूस के इन आरोपों को खारिज कर दिया है. जबकि अमेरिकी अखबार 'द न्यूयार्क टाइम्स' ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि इस ड्रोन हमले में यूक्रेन निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है. जो इस हमले में यूक्रेन की भागीदारी का संकेत दे रहा है. ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि रूस की हवाई सुरक्षा इतनी कमजोर है क्या? या ऐसा क्या हुआ कि यूक्रेन रूस की हवाई सुरक्षा को भेदने में सफल हो जा रहा है? मंगलवार को यूक्रेन ने एक बार फिर सीमा से लगभग 500 किमी (310 मील) दूर रूस की राजधानी मॉस्को और उसके आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमला किया. शहर के मेयर ने बताया कि मंगलवार को मॉस्को के एक कॉमर्शियल बिल्डिंग पर हमला हुआ. वहीं, सेना ने एक ड्रोन को मार गिराया. इससे पहले शनिवार देर रात को भी मॉस्को के एक सरकारी बिल्डिंग को निशाना बनाया गया था. यह पहली बार नहीं है जब यूक्रेन, रूस की राजधानी मॉस्को को निशाना बना रहा है. इससे पहले मई 2023 में भी यूक्रेन ने मॉस्को पर ड्रोन अटैक किया था. रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उस वक्त यूक्रेन ने मॉस्को पर आठ ड्रोन से अटैक किया था.

## नूंह हिंसा पर मायावती की पहली प्रतिक्रिया, कहा- 'जब यात्रा को सुरक्षा नहीं दे सकते तो...'

**हरियाणा** के नूंह में विश्व हिन्दू परिषद की यात्रा के दौरान हुई हिंसा को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला है. बसपा सुप्रीमो कहा कि जब राज्य सरकार इस तरह के कार्यक्रमों को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो फिर वो ऐसे आयोजनों को इजाजत क्यों देती हैं. मायावती ने मणिपुर और हरियाणा की हिंसा के साथ पिछले दिनों हुई तमाम घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीतिक और



संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति के लिए ऐसी चीज़ों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए. बसपा सुप्रीमो मायावती ने नूंह में हुई हिंसा को लेकर हरियाणा सरकार पर तीखा हमला बोला, उन्होंने कहा हरियाणा में हुई हिंसा और फिर इसका आसपास के इलाकों में फैल जाना, इससे साबित होता है कि हरियाणा में भी मणिपुर की तरह कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है. वहां की सरकार का खुफिया तंत्र भी निष्क्रिय है, जो चिंताजनक है. हरियाणा सरकार उस यात्रा को सुरक्षा देने में विफल रही, अगर वो इस यात्रा को सुरक्षा नहीं दे सकती तो फिर सरकार द्वारा इसके आयोजन की अनुमति ही क्यों दी जाती है?

## ट्रंप को बड़ा झटका, 4 महीने में तीसरा आपराधिक आरोप तय

### चाहते थे 2020 का राष्ट्रपति चुनाव परिणाम पलटना

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें खत्म नहीं हो रही हैं। पिछले चार महीनों में उनके खिलाफ तीसरा आपराधिक आरोप तय हुआ है। हालिया मामले में उन पर 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव परिणाम पलटने की साजिश रचने के आरोप तय किए गए हैं। अगले साल होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से पहले यह ट्रंप के लिए बड़ा झटका है क्योंकि वह रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदार हैं। मंगलवार को तय किए गए आरोपों में कहा



गया है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन से अपनी हार को पलटने की कोशिश की थी और सत्ता हस्तांतरण को विफल करने की कोशिश की थी। उन्हें इन मामलों की जांच में आरोपी बनाया गया है। अभियोजन पक्ष की तरफ से कहा गया है कि चुनाव जीतने के उनके दावे झूठे थे। अभियोग में यह भी कहा गया है कि ट्रंप को इस बात की जानकारी थी कि उनके दावे झूठे हैं, बावजूद इसके उन्होंने उसे प्रसारित किया। अभियोग में कहा गया है कि ट्रम्प ने देश में अविश्वास, जनता को भड़काने का माहौल बनाने और चुनाव प्रशासन में जनता के विश्वास को कम करने की साजिश रची थी ताकि वह सत्ता में बने रह सकें।

'चला रईगढ़िया, वोट देवईया' का नारा रैली में गूंजा

# स्वीप कार्यक्रम:मतदान का संदेश लेकर निकली सायकल रैली, कलेक्टर सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी

**स्कूली बच्चों के साथ दिव्यांग एवं तृतीय लिंग समुदाय हुए शामिल, दिखा उत्साह**









जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में मतदाता जागरुकता स्लोगन के साथ स्कूली बच्चें, दिव्यांगजन एवं तृतीय लिंग समुदाय भी शामिल हुए। अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहें।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन के फलस्वरूप स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया हैं। 02 अगस्त से निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं, जो 31 अगस्त तक चलेगा। इस बीच जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 पूर्ण होती है, वो अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आज से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का प्रकाशन किया जा रहा है। जहां बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करने के साथ नाम जुड़वाना, सुधार एवं विलोपन कर सकते हैं। इसके साथ ही स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपन का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया से वंचित ना रहे। इस लक्ष्य के साथ जिले में स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है, जो आज से प्रारंभ हुई हैं। स्वीप सतरंगी माह के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से सभी वर्ग के लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की जा रही है।

इस दौरान अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, एसडीएम गगन शर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षडंगी, प्राचार्य राजेश डेनियल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों के साथ तृतीय लिंग, दिव्यांगजनों में दिखा उत्साह

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित रैली में कलेक्टर सिन्हा के साथ स्कूली बच्चों ने अपने सायकिल में मतदाता जागरुकता से संबंधित संदेशों के बोर्ड लगा कर निकले। रैली में दिव्यांगजन एवं तृतीय लिंग समुदाय भी उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए। सभी ने रैली में चला रईगढ़िया वोट देवईया जैसे नारों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करते हुए मतदान करने की अपील की।

### मतदान के लिए कलेक्टर सिन्हा ने दिलाई शपथ

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने लोगों से मतदान हेतु शपथ दिलाई। सभी ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### जिले भर में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय के साथ विभिन्न विकासखण्डों में मतदाता जागरूकता रैली, व्याख्यान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में एसडीएम द्वारा खरसिया के शास.महात्मा गांधी स्नातकोतर महाविद्यालय, तमनार के शास.महाविद्यालय, विष्णुचरण गुप्ता शास. महाविद्यालय पुसौर, नवीन शास.महाविद्यालय कुसमुरा में मतदाता जागरूकता हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसी प्रकार एसडीएम लैलूंगा द्वारा शास.कन्या उ.मा.वि के छात्राओं के साथ सायकल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसी तरह जिले के विभिन्न ब्लॉकों के महाविद्यालयों में रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 के विरूद्ध विभागीय जांच हेतु आरोप पत्र जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कार्यालय जिला निर्वाचन जशपुर के सहायक ग्रेड-2 उमेश राम प्रधान के विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1996 के नियम 14 में निहित प्रावधानों के तहत् विभागीय जांच संस्थित किये जाने हेतु आरोप पत्र जारी किया है। साथ ही जांच संलग्न आरोप पत्र, आरोप विवरण, अभिलेखों एवं गवाहों की सूची के आधार पर करने के लिए कहा है। प्रधान को अधिरोपित आरोप के संबंध में अपना प्रतिउतर पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के लिए निर्देश हैं। आरोपों के संबंध में प्रत्युत्तर समायावधि में प्राप्त नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही करने की बात कही है। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान के विरूद्ध विभागीय जांच हेतु 3 आरोप लगाए गए हैं। जिसमें बताया गया है कि उमेश राम प्रधान को स्थानीय निर्वाचन शाखा में सहायक अधीक्षक के कार्य का दायित्व सौंपा गया है जिसमें राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर दिशा निर्देश अनुसार जिला में पंचायत स्तर पर निर्वाचन संबंधी कार्य किया जाना होता है तथा आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारी समय-समय पर चाहती है, किन्तु प्रधान द्वारा कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित न होने के कारण तथा सक्षम अधिकारी से अनुमति के बिना कार्यालय से अन्यत्र रहने के कारण जानकारी भेजने में विलम्ब होती है। निर्वाचन हेतु एफ.एल.सी. कार्य के दौरान प्रधान की कोई सहभागिता नहीं रही है। इस प्रकार उनके द्वारा सहायक अधीक्षक महत्वपूर्ण पद के दायित्वों का निर्वहन न करते हुए स्वेच्छाचारिता पूर्ण कार्य किया जा रहा है। उमेश राम प्रधान के द्वारा उच्चाधिकारियों को भ्रामक जानकारी प्रदान की जाती है, जिस कारण विभागीय कार्यों की प्रगति के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा कई बार खेद जाहिर किया गया है, जिससे जिले की छवि धूमिल हुई है। इन सभी आरोपों के कारण प्रधान के उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है बताया गया है।

### जिले में 1 जून से अब 392.5 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 392.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 2 अगस्त तक औसत वर्षा 485.0 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 18.6 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 370.7 मिमी, मनोरा में 440.1 मिमी, कुनकुरी में 538.6 मिमी, दुलदुला में 454.1 मिमी, फरसाबहार में 198.9 मिमी, बगीचा में 443.9 मिमी, कांसाबेल में 220.1 मिमी, पत्थलगांव में 351.9 मिमी एवं सन्ना में 509.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी तहसील में दर्ज की गई है।

### तपकरा में मनरेगा के तहत् तालाब गहरीकरण एवं गौठान निर्माण के मजदूरी की राशि हो चुका भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

समाचार पत्र में प्रकाशित दो साल से मनरेगा के भुगतान के लिए दर-दर भटक रहे मजदूर के संबंध में सीईओ फरसाबहार ने जानकारी देते हुए बताया है कि तपकरा में तालाब गहरीकरण एवं गौठान निर्माण अंतर्गत 24 मजदूरों द्वारा कार्य किया गया है, जिनका लगभग 437 दिनों तक मजदूरों से काम कराने के बाद भी उनको मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है, कार्यालय से संबंधित ग्राम रोजगार सहायक को जवाब प्रस्तुत करने हेतु पत्र जारी किया गया। शोसन एक्का ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि 24 दिसम्बर 2021 को कुल 5 मजदूरों का भुगतान पूर्व में ही प्राप्त हो चुका है। वर्ष 2021-22 दौरान खाता नम्बर में त्रुटि एवं खाता नम्बर से आधार लिंक नहीं होने के कारण मजदूरी भुगतान नहीं हो पा रहा था। वर्ष 2022-23 में खाता सुधार होने एवं खाता नम्बर से आधार लिंक होने के फलस्वरूप कुल 17 मजदूरों को 19686 रूपए 22 जुलाई 2023 को भुगतान प्राप्त हो चुका है।

### कलेक्टर ने 6 तहसील के बदले गए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने दो तहसीलदार, तीन नायब तहसीलदारों एवं एक सहायक अधीक्षक की जिले में नवीन पदस्थापना की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदरों के द्वारा जिले में कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप तहसीलदार मुखदेव यादव को तहसील कार्यालय कुनकुरी, सुनील अग्रवाल को तहसील कार्यालय पत्थलगांव, नायब तहसीलदार राहुल कौशिक को तहसील कार्यालय मनोरा के प्रभारी तहसीलदार, तोष कुमार सिंह को तहसील कार्यालय फरसाबहार के प्रभारी तहसीलदार, ओंकार बघेल को तहसील कार्यालय दुलदुला के प्रभारी तहसीलदार एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख संदीप गुप्ता को तहसील कार्यालय सन्ना के प्रभारी तहसीलदार के पद पर पदस्थ किया है।

## कांग्रेस आई टी सेल व सोसल मीडिया की होगी महत्वपूर्ण भूमिका - मणि वैष्णव



**कोंडागांव-** कोंडागांव में कोंडागांव जिला व नारायणपुर जिला कांग्रेस आई टी सेल व सोसल मीडिया की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमे छग प्रदेश कांग्रेस आई टी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर संभाग प्रभारी मणि वैष्णव लोकसभा प्रभारी गीतेश गांधी सह प्रभारी निश्चल लाहौरिया ने जिला कमेटी व विधानसभा कमेटियों की समीक्षा की व जिलाध्यक्षो विधानसभा अध्यक्षो को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर आई टी सेल व सोसल मीडिया को और अधिक मजबूत करने की बात कही ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 में होने वाले लोकसभा में सोसल मीडिया के माध्यम से और अधिक मजबूती के साथ जनता तक अपनी बात पहुचा सके प्रदेश उपाध्यक्ष मणि वैष्णव ने सोशल मीडिया की महत्ता पे प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय मे अपनी बात पार्टी की रीति नीति और जनहित के कार्यो को जनता तक पहुचाने का सबसे उपयुक्त माध्यम सोसल मीडिया है जिसके माध्यम से हम एक जगह बैठकर भी अपनी बातें छत्तीसगढ की भुपेश बघेल जी के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एव विकास कार्यो को अधिक से अधिक से लोगो तक अल्पसमय मे पहुचा सकते है साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जो पदाधिकारी निष्क्रिय है ऐसे पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय व जिम्मेदार लोगों को संगठन में जगह दी जाएगी ताकि संगठन को मजबूती मिल सके ।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत् मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केंद्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। इस हेतु कलेक्ट्रेट, सभी अनुविभाग के राजस्व कार्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। साथ ही ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मतदान हेतु जन जागरूकता के लिए मोबाइल प्रदर्शन वैन तैयार कर वैन के माध्यम से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को ईवीएम में वोटिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मतदान हेतु जागरूक किया जाएगा। इसी कड़ी में विगत दिवस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् जशपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत् मनोरा तहसील के ग्राम आस्ता, खम्हली, आमगांव और बेंजोरा में मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से 195 मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## कलेक्टर में सांख्यिकी विभाग, सहकारिता एवं स्वास्थ्य विभाग लिया बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, सहकारिता विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक लिया। उन्होंने तीनों विभागों के निर्धारित एजेंडे का बिंदुवार चर्चा कर विभाग के कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग से सिकलसेल बीमारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दुलदुला ब्लॉक को चिन्ह अंकित कर सिकलसेल बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों की सर्वे कर स्कीनिंग करने निर्देशित किया। उन्होंने परिवार के हर व्यक्ति का स्कीनिंग कर टेस्ट करने निर्देशित किया जिससे बेहतर उपचार किया जा सके। उन्होंने सिकलसेल की जांच कराने हेतु प्रोत्साहित करने कहा और बेहतर चिकित्सा उपचार के लिए चिकित्सा अमला का टीम बनाकर शिविर लगाने निर्देशित किया। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के आधुनिकीकरण, जन औषधि केन्द्र की स्थापना, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र की स्थापना, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति को सामान्य सेवा केन्द्र के रूप में विकसित करने, अनाज संग्रहण भण्डार की स्थापना के संबंध में चर्चा कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित मत्स्य सहकारी समितियों तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के पंजीयन के लिए निर्देशित किया ताकि मत्स्य पालकों और पशुपालकों की आमदनी में वृद्धि हो सके। उप पंजीयन सहकारिता विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने के लिए केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा कई महत्वपूर्ण नवीन योजनाएं शुरू की गयी है। जिला सहकारी विकास समिति द्वारा सहकारी आन्दोलन के सुदृढीकरण एवं जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को बढ़ाने हेतु कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार आदिम जाति सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य, नेशनल को-ऑपरेटिव डाटाबेस को अपडेट करने, नई बहुउद्देशीय पैक्स या प्राथमिक डेयरी एवं फिशरीज सहकारी समितियों के गठन के लिये कार्य योजना बनाने, सभी ग्राम पंचायतों को नई बहुउद्देशीय पैक्स या प्राथमिक डेयरी एवं फिशरीज सहकारी समितियों के गठन के लिये योजना बनाने सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने चयन संबंधी कार्य पारदर्शिता पूर्वक करने निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग अंतर्गत जन्म मृत्यु पंजीयन से संबंधित जिला स्तरीय अंतर विभागीय कार्यों की जानकारी ली। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सुरभि जैन के द्वारा जिले में जन्म मृत्यु पंजीयन की स्थिति जिले में ऑनलाइन पंजीयन इकाइयों की स्थिति ऑनलाइन में होने वाली के बारे में समिति के सदस्यों को अवगत कराया। कलेक्टर ने पंजीयन में होने वाली त्रुटियों को सुधारने एवं पंजीयन इकाइयों द्वारा भेजे जाने वाले मासिक प्रतिवेदन की मटरिंग के लिए प्रत्येक समय सीमा की बैठक में समीक्षा किए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. रंजीत टोप्पो, सर्व एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद महलपारा में जिला शिक्षा अधिकारी मध्यान्ह् भोजन की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिला शिक्षा अधिकारी अनिल जयसवाल ने आज स्वामी आत्मानंद विद्यालय महलपारा का औचक निरीक्षण किया। इसी दौरान उन्होंने एमआईएस विनय भट्ट और जिला क्रीडा अधिकारी मुन्नाराम भगत के साथ बच्चों के बीच बैठकर मध्यान भोजन किया। उन्होंने सहायिकाओं एवं एमडीएम प्रभारियों से खाने की गुणवत्ता को लेकर बात की साथ ही भोजन कर रहे विद्यालय के बच्चों से उपलब्ध भोजन का हाल जाना। उन्होंने बताया कि खाना एक ऐसी चीज है जिसे देख कर आदमी उसका स्वाद, गुणवत्ता और स्वच्छता को नहीं समझ सकता है। विद्यार्थियों के सेहत से कोई खिलवाड़ नहीं हो, हर विद्यालय के मध्यान भोजन में इस बात का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में साफसुथरे ढंग से भोजन पकाने की सुविधा है। सरकार द्वारा समय-समय पर जारी मध्याह्न भोजन मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप विद्यालय में एमडीएम का संचालन हो रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों एवं रसोइयों को भोजन की गुणवत्ता हमेशा बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना की अनवरत गुणवत्ता और मात्रा को सुनिश्चित करने के लिए वे नियमित तौर पर औचक निरीक्षण करते रहेंगे।



## मतदाता जागरूकता के लिए जिला स्तरीय साईकिल रैली का हुआ आयोजन






जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जिले में प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं एवं लोकतंत्र में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए मतदान की उपयोगिता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत हर स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जशपुर शहर में प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान से होने वाले लाभ के बारे में बताया। कहा कि गांव-शहर की समग्र विकास के लिए हर एक वोट जरूरी है। अगर अपने गांव का विकास करना है तो सही व्यक्ति एवं सही सेवक को चुनना एवं उसे चुनने की प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करना भी उतना ही आवश्यक है। साइकिल रैली रणजीता स्टेडियम से एनईएस कॉलेज नगर के मुख्य मार्ग होकर पहुंचा। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, अधिकारीगण, छात्र-छात्राएं, नागरिकगण भारी संख्या में साइकिल रैली कर अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया और कलेक्टर ने मतदान के प्रति जागरूक होने संकल्प दिलाया। साइकिल रैली मतदान जागरूकता रैली में दिव्यांग आइकन कुण् ललिता पैंकरा सहित अन्य दिव्यांगजन भी शामिल हुए। साइकिल रैली पश्चात छात्र-छात्राओं ने जशपुर है तैयार, चुनई तिहार के थीम पर रणजीता स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही नए मतदाताओं का नाम जोड़ने और मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करने मतदाता संबंधी जशपुर है तैयारए चुनई तिहार के थीम पर रणजीता स्टेडियम में मानव श्रृंखला जश प्रण के तहत कार्यक्रम हुआ। जिसमें नव विवाहिता वधु, नए मतदाता भी शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूलए जिला मुख्यालय मैं संचालित स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल होकर मतदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।




### लगातार जारी रहेगा गुम मोबाईल खोजबीन का अभियान

# पुलिस ने 18 लाख के गुम हुए 120 मोबाईल बरामद कर संबंधित को सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।



जिले में गुम हुए मोबाइलों को खोजने के लिए सूरजपुर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। बुधवार, 02 अगस्त 2023 को पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने बरामद किए गए 120 मोबाइलों को संबंधित व्यक्तियों को सौंपा है। गुम हुए मोबाइलों को जैसे ही उनके मालिकों को सौंपा उनके चेहरे खिल उठे। महीनों या वर्षों पहले खो, हुए मोबाइल को पाकर सभी काफी खुश दिखे। मोबाइल फोन गुम होने पर मोबाइल यूजर्स को होने वाला आर्थिक नुकसान और परेशानियों को ध्यान रखते हुए मोबाइल सर्विलांस में लगाकर ट्रेस कर गुम मोबाईल रिकंवर कर मोबाइल धारकों को वापस लौटाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुम हुए मोबाइल को खोजने के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत साइबर सेल को मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर उनका तुरंत ही निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे।

***लगातार जारी रहेगा गुम मोबाईल खोजबीन का अभियान***

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एलिसेला ने बताया कि जिले की पुलिस के द्वारा गुम हुए मोबाईल खोजने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गुम मोबाईलों को खोजकर उनके धारकों को वापस किया गया है, मोबाईल पाकर नागरिकों में संतोष का भाव दिखा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, साईबर सेल प्रभारी निलाम्बर मिश्रा,एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक युवराज यादव, रौशन सिंह, विनोद सारथी, विवेक किण्डो व मंगलमूर्ति नेताम मौजूद रहे।

## मावा पुलिस केतुल, कन्या आवासीय विद्यालय जांगला में बच्चों को किया जागरूक

* यातायात नियमों, साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच, महिला संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी दिया

जोहार छत्तीसगढ़–बीजापुर।





मावा पुलिस केतुल के तहत बीजापुर कन्या पोटा केबिन आवासीय विद्यालय जांगला के छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों सड़क दुर्घटना के कारणों संकेतों एवं चिन्हों के विस्तृत जानकारी देते हुए यातायात के एक ऐसे विषय वस्तु है जिसके जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है इन दुर्घटनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों की जानकारी ही नहीं अपितु नियमों का पालन करना भी चाहिए ताकि इसके साथ-साथ अन्य सड़क प्रयोगकर्ता सहस सुगम एवं सुरक्षित तरीके से आवागमन कर सके। यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात संचालन हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नाबालिग का वाहन नहीं चलाना, वाहन का संपूर्ण दस्तावेज होने पर वाहन चलाना, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलाना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना वाहन चलातेए समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेबरा क्रॉसिंग से गुडसेमेरिटन, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीके के साथ यातायात के अनिवार्यता आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया। नरवेद सिंह, जिला संगठक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रेड क्रॉस का उद्देश्य ब्लड डोनेट का नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, संतोषी यादव केश वर्कर सखी सेंटर द्वारा हो रहे महिला संबंधित अपराधों पर कानूनी प्रावधान से संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई।

## प्रेस के सदस्यों को दी गई निर्वाचन की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम 02 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक चलाया जाएगा। नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के अलावा संशोधन, परिवर्तन संबंधित मतदान केन्द्र में जाकर फॉर्म 6,7 या 8 भरकर अथवा बीएलओ के माध्यम से भी किया जा रहा है। ऐसे युवक युवती जो 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्रवार कुल 15 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया था। जिसकी स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदाय की गई है। इसके तहत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 में 03 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जबकि दो केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन तथा तीन के अनुभाग में परिवर्तन किया गया है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में 12 नवीन मतदान केन्द्र की स्थापना को आयोग ने मंजूरी दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 25 का भवन परिवर्तन, 09 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन, 03 के अनुभाग में परिवर्तन तथा 01 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 342 से बढ़कर 345 हो गई है तथा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 364 से बढ़कर 376 हो गई है। यानी मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हो गई है।



## दगौरी की जनता करेगी न्याय इस बार चुनाव में करेगी भाजपा कांग्रेस पार्टी के नेताओ का पत्ता साफ

जोहार छत्तीसगढ़–बिलालपुर।

गांव दगौरी, विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर में स्थित है नोवा स्टील आयरन प्लांट बढ़ती बेरोगारी से तो पूरा देश परेशान है वही गांव में प्लांट खुलने से गांव के लोगों को नौकरी की चाहत हो जाता है ऐसे ही घटना ग्राम दगौरी और आस पास के गांव का है।



आज दगौरी गांव में नोवा प्लांट खुले लगभग 30 साल हो गए लेकिन आज भी वहा के युवा बेरोजगार बहुत परेशान है गांव में नोवा स्टिल आयरन के प्लांट होने के बावजूद रोजगार के लिए जगह जगह ठोकर खा रहे है युवा बेरोजगार। गांव के लोगो ने कई बार प्लांट के घेराव किया है लेकिन कोई जवाब नई आया है। जरूरत नई है करके भगा दिया जाता है वही दूसरी ओर बाहरी लोगों को बुलाकर नौकरी में रखा जाता है और दगौरी तथा आस पास के लोगो को स्थानीय हो करके नौकरी मे नही रखा जाता है। इन सब से परेशान होकर यहां के युवा बेरोजगार लोग कई बार पंचायत का घेराव करके अपनी बेरोजगारी की बात भी रखी है लेकिन वहां भी यह कह के भगा दिया जाता है की यह पंचायत का मामला नहीं है। और तो और यहां के विधायक ,छाया विधायक के पास जाकर भी यहां के समस्या का हल नहीं निकालते उल्टा अगर इस गांव के और पड़ोस गांव के अपने अपने पार्टी नेता लोगों को यहां नोवा प्लांट में ठेकेदारी के मांग करते है तो उनको ठेकेदारी दिलवा देते है लेकिन बेरोजगारों की चिंता आज तक इन दोनो पार्टी के नेता लोग नही किए। इन दोनो पार्टी के स्वार्थी नेता जो ठेकेदार बनके आज तक गांव के लिए जो मूलभूत आवश्यकता और जो सुविधा मिलना चाहिए उसको भी कभी दिलाने की कोशिश ही नहीं किए और न ही कभी यहां के बेरोजगारों की सुध ली। इन सब से परेशान होकर दगौरी गांव और आस पास गांव के युवा बेरोजगारों और उनके परिजनों ने यह निर्णय लिया है की इस बार के विधानसभा, लोकसभा और ग्रामीण चुनावों में इन दोनो पार्टी के लोगो को बहुत बड़ा सबक सिखाएंगे।

## लोकतंत्र को मजबूत करने नपा अध्यक्ष ने अपने वार्ड में ली निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–सुरजपुर।




नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 अग्रसेन वार्ड स्थित शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में मतदाता जागरूकता के तहत लोकतंत्र को मजबूत करते हुए निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल के नेतृत्व में ली गई। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ उपस्थित जनों को नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने दिलाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के एसएस कुशवाहा, एसएस नसीम, मुकेश सिंह, बीएलओ उषा पांडेय समेत अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उद्यानिकी फसलों के लिए कृषक 16 अगस्त तक करा सकते है बीमा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषको के लिए खरीफ फसल हेतु टमाटर, बैगन, अमरुद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक के लिये वर्ष 2023-24 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ में लागू हो गई है। रायगढ़ जिले के ईच्छुक ऋणी/अऋणी कृषक 16 अगस्त 2023 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस हेतु बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि कपिल विश्वकर्मा मोबाईल नं.-7906655061 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि संजीव कुमार साहू मो.न.-7489601443 से संपर्क कर सकते है।

सहायक संचालक उद्यान कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना में सभी अऋणी कृषक (भूधारक एवं बटाईदार), जो इस योजना मे शाामिल होने के ईच्छुक है, ऐसे कृषकों को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। चयनित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराये जाने के लिये किसानों को उन फसलों के लिए निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि के रुप में देना होगा, शेष प्रीमियम की राशि 50-50 प्रतिशत राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।

ऋणी कृषक जो योजना मे शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान मे अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा मे हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम (खरीफ) के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रुप से बीमाकृत किया जाएगा।

किसानों को विभिन्न मौसमी जोखिम जैसे-तापमान (कम या अधिक तापमान), वर्षा-(कम, अधिक या बेमौसम वर्षा ), बीमारी अनुकूल मौसम (कीट एवं व्याधि), ओला वृष्टि एवं चक्रवाती हवाएॅ, हवा की गति, से फसलों को होने वाले क्षति से फसल बीमा का नियमानुसार लाभ प्राप्त होगा। खरीफ मौसम में ओलावृष्टि एवं चक्रवाती हवाएं की स्थिति में कृषक इसकी सूचना सीधे बीमा कम्पनी के टोल फ्री नं. 1800-419-0344 पर या लिखित रुप मे 72 घंटे के भीतर संबंधित बैंक, स्थानीय राजस्व/उद्यानिकी/कृषि अधिकारी अथवा जिला उद्यान अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेगा। संबंधित संस्था/विभाग 48 घंटा के भीतर कृषकों से प्राप्त जानकारी (बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति के कारण सहित) बीमा कंपनी को प्रदान करेंगे। कृषक द्वारा लगाये गये फसल का केवल एक बार ही बीमा आच्छादन का लाभ ले सकता है। एक रकबे को एक से अधिक बार बीमा होने की स्थिति मे बीमा कम्पनी द्वारा ऐसे सभी दावों को निरस्त कर दिया जाएगा।

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की हुई नवीन पदस्थापना

* कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त नवीन कार्य स्थल पर कार्य करने हेतु आदेश जारी किया है। इनमें तहसीलदार पुसौर नंदकिशोर सिन्हा को तहसीलदार लैलूंगा बनाया गया है। इसी तरह तहसीलदार तुलसी राठौर को अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़, तहसीलदार शिवम पाण्डेय को तहसीलदार पुसौर, नायब तहसीलदार महेन्द्र कुमार लहरे को प्रभारी तहसीलदार छाल, नायब तहसीलदार सुश्री नेहा कौशिक को नायब तहसीलदार पुसौर, नायब तहसीलदार शिवनंदन साकेत को प्रभारी तहसीलदार मुकडेगा, नायब तहसीलदार सहोदर राम को नायब तहसीलदार घरघोड़ा एवं नायब तहसीलदार (परि.)सुश्री रश्मि पटेल को नायब तहसीलदार तमनार की जिम्मेदारी दी गई है।

### विकास सहायक एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर संविदा भर्ती, दावा आपत्ति 8 अगस्त तक

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला खनिज संस्थान न्यास जशपुर में विकास सहायक एवं सहायक ग्रेड-3 के पदों पर संविदा भर्ती हेतु दावा आपत्ति 8 अगस्त 2023 को सायं 5 बजे तक ई-मेल आईडी में मेल अथवा स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति व त्रुटि सुधार स्वयं सत्यापित आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी भी प्रकार का अभ्यादेवन या ई-मेल स्वीकार्य नहीं होगा। दावा आपत्ति सूची जिले के वेवसाईट में देख सकते हैं।

## 10 करोड़ 78 लाख 20 हजार की लागत से बिहारपुर व बिश्रामपुर में शीघ्र होगा 2 नवीन आईटीआई व छात्रावास भवन का निर्माण

* विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के निरंतर सार्थक प्रयासों से क्षेत्र का हो रहा विकास

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े के विशेष मांग पर ओड़गी ब्लॉक के बिहारपुर क्षेत्र एवं सूरजपुर ब्लॉक के शिवनंदनपुर क्षेत्र मे आई.टी.आई कॉलेज खोलने का घोषणा कराई गई थी। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। भटगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के सार्थक प्रयास से क्षेत्र के लिए बिहारपुर व शिवनंदनपुर बिश्रामपुर में 2 नवीन आईटीआई व छात्रावास भवन निर्माण हेतु क्रमशः 6 करोड़ 89 लाख 18 हजार और 3 करोड़ 83 लाख 1 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 10 करोड़ 78 लाख 20 हजार रुपए की लागत से बनने वाले इस आईटीआई भवन और छात्रावास को शीघ्र मूर्त रूप देने के लिए निरंतर सार्थक प्रयास क्षेत्र के विधायक द्वारा कराए जा रहे हैं। इसके मूर्त रूप लेने पर निःसंदेह क्षेत्र के युवाओं को कई लाभ होंगे। वो औद्योगिक क्षेत्रों के विभिन्न ट्रेडों के लिए स्किल डेवलप करेंगें। जिससे कि गवर्नमेंट और प्राइवेट सेक्टर दोनों में उन्हें स्किलड टेक्नीशियन के रूप में रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। सूरजपुर जिला अन्तर्गत भटगांव विधानसभा का अधिकांश भाग सुदूर वनांचल क्षेत्र अन्तर्गत आता है, जहां तकनीकी शिक्षा का नितान्त अभाव था, क्षेत्रवासियों के मांग पर क्षेत्रीय विधायक पारस नाथ राजवाड़े द्वारा आई.टी.आई. भवन का प्रशासकीय स्वीकृति दिलाया गया है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों छात्रों को तकनीकी शिक्षा आसानी से प्राप्त हो सकेगा। इसके अलावा उनके द्वारा भटगांव विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में कई भी कई उत्कृष्ट कार्य किये गये हैं। जिसमें 6 नवीन आत्मानंद विद्यालय, 5 आई.टी.आई तथा 6 महाविद्यालय के प्रारंभ होने में उनका विशेष योगदान रहा है।

# बिजली की आंख मिचौली से जनता परेशान, हुक्मरान बेपरवाह - विजय अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

**प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल राज्य में बिजली उत्पादन की स्थिति को लेकर गाल बजाने में आगे रहते हैं कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी 85.71 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर के साथ देश में नंबर वन है ।**



सच है, छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शुमार है जहां बिजली सरप्लस है। पर यह विडंबना है कि सरप्लस बिजली वाले राज्य में आम जनता बिजली की अघोषित कटौती से बेहद परेशान है। यह कहना है, प्रदेश के पूर्वांचल रायगढ़ के कद्दावर भाजपा नेता और पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने राज्य में, विशेषकर पावर हब कहे जान वाले जिला रायगढ़ में बिजली वितरण और मेंटेनेंस की बदहाल स्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि बिजली उत्पादन में सरप्लस स्टेट होने के बावजूद सबसे अधिक बिजली कटौती में भी छत्तीसगढ़ देश में पांचवें नंबर पर है। बिजली की बार-बार अघोषित कटौती से आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बिलकुल बेपटरी हो गई है। इस पर ना तो बिजली विभाग ध्यान दे रहा है और ना ही स्थानीय अधिकारी कोई ठोस कदम उठा रहे है। दिन रात भर में दस से पंद्रह बार बिजली कटना आम बात हो गई है। भगवान न करे अगर रात में बिजली कट गई तो अधिकांशतः दो चार घंटों के बाद ही आती है। गर्मी भर लोग परेशान रहे और अब बारिश में भयंकर उमस में बिजली कटौती से आम लोग बेहद परेशान हैं ।

बिजली मेंटेनेंस पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हुए विजय अग्रवाल ने कहा है कि आखिर यह कैसा मेंटेनेंस है कि जरा सा बादल गरजे कि नहीं, हल्की सी बौछार आई कि नहीं, थोड़ी से हवा बही कि नहीं घंटों बिजली गुल हो जाती है। बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज की समस्या से कई वार्डों के लोग अलग जूझते रहते हैं। शिकायत सुनने के लिए कोई अधिकारी उपलब्ध नही रहते हैं। या तो फोन उठाया नहीं जाता है, या फिर रिसीवर टांग दिया जाता है या फिर गलती से फोन उठा लिया गया, बात हो गई तो यही जवाब मिलता है कि लाइनमैन की कमी है। अभी दूसरी ओर गया है, आने पर आपके क्षेत्र में भेज देंगे। विजय अग्रवाल ने कहा है कि भाजपा ने अपने 15 सालों के शासनकाल में जो बेसिक इन्फ्र स्ट्रक्चर खड़ा किया था , इन 5 सालों में भूपेश बघेल की सरकार ने उसका जनाजा निकाल दिया है। बिजली वितरण की स्थिति तो यह है कि शहर से लेकर गांव तक की व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई है। पीने की पानी की किल्लत, किसानों के लिए सिंचाई में दिक्कत, छोटे कारोबारियों के व्यवसाय में आफत! आखिर जिम्मेदारों का ध्यान इन सब की ओर कब जायेगा? तमाम नागरिक सुविधाओं में राज्य पीछे चला गया है। सड़क की बदहाली तो एक अलग ही अध्याय है। जिसके लिए पिछले दिनों खुद भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव से पहले सड़कें बन जाएंगी! बिजली की प्रदेश में जितनी मांग है उस हिसाब से आपूर्ति करने में विभागीय मशीनरी सक्षम नहीं है। मेंटेनेंस की हालत पर विजय अग्रवाल ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा पिछले दिनों शहर के विश्वासगढ़ चर्च रोड पर हाई टेंशन तार के टूट कर गिर जाने से परिवार के कमाऊ युवक की असमय मौत हो गई है। पूरे रायगढ़ के लिये बेहद पीड़ादायक थी। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि भाजपा शासन काल में 24 घंटे बिजली की अबाध आपूर्ति होती थी, महिनों में एक दो बार कभी बिजली जाती थी तो जाती थी नहीं तो लोग बिजली जाना क्या होता है भूल गये थे, लोग इन्वर्टर-जनरेटर भूल गये थे, लेकिन कांग्रेस की भूपेश सरकार ने लोगों को फिर से इन्वर्टर-जनरेटर इमरजेन्सी लाईट खरीदने पर मजबूर कर दिया है। कहां तो कांग्रेस और भूपेश ने बिजली बिल हाफ करने की बात की थी यहां तो उन्होंने बिजली ही हाफ कर दी।

# मणिपुर घटना को लेकर फूटा आदिवासियों का गुस्सा, सर्व आदिवासी समाज ने शंकरगढ़ ब्लॉक में किया विरोध प्रदर्शन

## मणिपुर बचाओ देश बचाओ के लगे नारे

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।







मानवता को शर्मसार करने वाली मणिपुर की घटना की आग पूरे देश में फैली हुई है पूरे देश में इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है जिसकी कुछ सीटें छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ तहसील में भी देखने को मिली जहां आदिवासी एकता महासभा एवं सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सबन उरांव व आदिवासी समाज के मुखिया राजेन्द्र भगत कुसमी के नेतृत्व में शंकरगढ़ में जातीय हिंसा पर रोक लगाओ एमणिपुर बचाओ देश बचाओ के नारे लगे जिसमें आदिवासी समाज के महिला एवं पुरुष भारी संख्या में एकत्रित होकर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दंडाधिकारी शंकरगढ़ के कार्यालय में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि मणिपुर से आदिवासी महिलाओं के साथ ह्दय विदारक घटना सामने आई है। जिसमें आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र करने की घटना से पूरा देश शर्मशार है। आदिवासियों को अपमानित किया गया है। मणिपुर में आदिवासियों पर बड़े पैमाने पर अत्याचार किए जा रहे हैं। उनकी बस्ती में आग लगाई जा रही है इस घटना के बहन बेटियों के साथ देश के संपूर्ण समाज का अपमान है सभी दोषी लोगों को फांसी की सजा दी जाए साथ ही सर्व आदिवासी समाज द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करने का भी पुरजोर विरोध किया गया बताया गया कि समान नागरिक संहिता लागू होने पर हम आदिवासियों को मिली अलग-अलग पहचान समाप्त हो जाएगी अनेकता में ही विविधता यही हम आदिवासियों की पहचान है। आज हम आदिवासियों की जल-जंगल और जमीन को छीना जा रहा है यह एक साजिश है जिसमें आदिवासियों का रूढ़ी प्रथा,पृथक संवैधानिक पहचान एवं तमाम तरह के संवैधानिक अधिकार खत्म हो जाएंगे। ज्ञापन में सरगुजा संभाग में विधानसभा की 4 सीटों पर गलत परिसीमन पर अंबिकापुर, प्रेम नगर, भटगांव और मनेंद्रगढ़ विधानसभा की सीट सामान्य वर्ग के खाते में कर दिया गया है। जबकि 2003 के विधानसभा चुनाव में ये सीट आदिवासियों की आरक्षित थी जिसमें सही विवेचना कर पुन: आदिवासियों की आरक्षित की भी मांग की गई जिससे आदिवासी वर्ग के हित की बात एक आदिवासी उठा सके स लागुड़ किसान की प्रतिमा स्थापित किया जाए। ये प्रमुख मांग आदिवासी समाज द्वारा किया गया। जानकारी हेतु बता दें कि 28 जुलाई 2023 को भी सर्व आदिवासी समाज राजपुर के अध्यक्ष पारसनाथ आयाम के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से विरोध के पक्ष में ज्ञापन सौंपा गया था। शंकरगढ़ एवं राजपुर के इस कार्यक्रम में संयुक्त रूप से आदिवासी समाज के जिला संरक्षक राजेंद्र उराव, फूलचंद्र, राजेंद्र कलम,राजेश, साहेब राम, मिटकू भगत, गुड़माल भगत,ज्ञानेश्वर पैंकरा,उदय कुमार ज्योति बड़ा, रामकली भगत, विजय सिंह,रवि मरावी, आनंद मसीह,बीरबल, ललित भगत मुन्ना टोप्पो एवं भारी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवशंकर के खाते में लौटाई 3.50 लाख की चिटफंड राशि

## जिले के 83 निवेशकों को लौटाई गई 46 लाख 56 हजार रूपये से अधिक की राशि

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चिटफंड में निवेश करने वाले मनेंद्रगढ़.चिरमिरी भरतपुर समेत 07 जिलों के 35 हजार 378 पीड़ित निवेशकों को 4 करोड़ 13 लाख 88 हजार 996 रूपए की राशि बटन दबाकर उनके खातों में हस्तांतरित की। इनमेंमनेंद्रगढ़ चिरमिरी,भरतपुर जिले के 83 निवेशकों की 46 लाख 56 हजार 95 रूपए की राशि शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की जनता से किए गए अपने वायदे को निभाते हुए चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की और निवेशकों को उनकी गाढ़ी कमाई वापस लौटाई है। आज उन निवेशकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई जिन्हें चिटफंड कंपनी में पैसे डूबने का अफसोस हो रहा था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में ठगी करने वाली चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि मैंने आपसे वादा किया था आपसे ठगी करके आपके खून पसीने की कमाई लूटने वाली चिटफंड कंपनियों को बख्शा नहीं जाएगा। हमने चिटफंड कंपनियों से निवेशकों की राशि लौटाने कार्ययोजना बनाई और इस पर अमल के लिए समयसीमा तय की। इस पर अधिकारी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और फर्जी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर निवेशकों को राशि लौटाई जा रही है। देश में छत्तीसगढ़ एकमात्र ऐसा राज्य है जो चिटफंड कंपनियों के ठगी के शिकार निवेशकों को उनका पैसा वापस दे रहा है। कार्यक्रम में शिवशंकर कश्यप ने मुख्यमंत्री से बातचीत करते हुए बताया कि उन्होंने ग्रीन इंडिया कंपनी में 3.50 लाख रुपया चिटफंड कंपनी में लगाई थी। रकम डूबने के बाद उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पैसा वापस मिलेगा लेकिन आपकी सरकार के प्रयासों से मुझे आज पूरी राशि 3.50 लाख रूपये वापस मिल गया। चिरमिरी निवासी रामनरेश पटेल ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके अथक प्रयास से ये डूबा हुआ पैसा वापस मिल रहा है। आपकी बड़ी कृपा है इसके लिये मैं सपरिवार आपका जीवन भर आभारी रहूंगा। पीड़ित निवेशकों की राशि लौटाने के न्याय योजना कार्यक्रम में जिला कार्यालय से कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, एडीएम अनिल सिदार, एसडीएम, विजेंद्र सारथी, एडिशनल एसपी निमेश बरैया, सीएसपी चिरमिरी प्रीतपाल सिंह, मनेंद्रगढ़ जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर, उपाध्यक्ष राजेश साहू, सहित अन्य हितग्राही वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए।

**जीवन भर की गाढ़ी कमाई की राशि वापस मिलने से निवेशकों की लौटी मुस्कान**

# मतदाता सूची का हुआ आरंभिक प्रकाशन, राजनैतिक दल प्रतिनिधियों को सौंपी गयी सूची

## विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मतदाता सूची का किया जा रहा वाचन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई।





जिसमें आगामी निर्वाचन के संबंध में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रतिनिधियों को आरंभिक मतदाता सूची की प्रति भी प्रदान की गयी।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आज जिले में मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पुराने 1074 मतदान केन्द्र थे। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के पश्चात 11 मतदान केन्द्र और नये जुड़े है। इसी तरह 25 स्थल परिवर्तन, 38 भवन परिवर्तन, 23 मतदान केन्द्र के भवन का नाम परिवर्तन, 1 अनुभाग परिवर्तन एवं 4 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि आज 2 अगस्त से मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। 1 अक्टूबर 2023 की अवधि में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी नये मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, कटवाने, त्रुटि सुधार जैसे सभी कार्य किए जायेंगे। इस मौके पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध करायी गई।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के प्रकाशन और उससे संबंधित दावा आपत्तियों के निराकरण के लिए समय सारणी जारी की गई हैं। जिसके अनुसार आज 2 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची संबंधी दावा आपत्तियां ली जाएंगी। इस बीच 12 व 13 अगस्त तथा 19 व 20 अगस्त को मतदान केंद्र स्तर में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। दावा-आपत्ति का निराकरण कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

### भारत निर्वाचन के एप में भी कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन, टोल फ्री नंबर 1950 में कर सकते है कॉल

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन द्वारा तैयार की गई एप के माध्यम से भी मतदाता अपना ऑनलाईन आवेदन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते है। अगर इसमें किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो जिले के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1950 में संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते है।

### जिले में चलाया जा रहा है स्वीप कार्यक्रम

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में मतदाता जागरूकता रैली, व्याख्यान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मतदाता सूची का हो रहा वाचन

2 अगस्त को मतदाता सूची के आरंभिक प्रकाशन के साथ जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर वहां मतदाता सूची का वाचन किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाता सूची से जुड़ी दावा-आपत्तियां भी ली जाएगी। जिसका निराकरण कर आगामी 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने दिखाई मानवता की मिशाल, सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे को गोद में लेकर पहुंची अस्पताल

## कलेक्टर ने दुर्घटना में घायल दंपत्ति और बच्चे को त्वरित अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपलब्ध कराई चिकित्सा सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने एक बार फिर से अपनी मानवता दिखाई। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे को अपनी गोद में लेकर अस्पताल पहुंचने के साथ ही अपने वाहन में बच्चे के घायल माता पिता को भी अस्पताल पहुंचाया। कलेक्टर ने साबित किया है की हर जीवन महत्वपूर्ण है और कोई मानव छोटा या बड़ा नहीं होता है। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस कलेक्टर द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय सक्ती का निरीक्षण कर वापस लौटते समय एनएच 49 में ग्राम डोंगिया मनप्रीत ढाबा के सामने एक एक्सीडेंट हुआ देखा गया। जिसमें ग्राम लवसरा निवासी छबि साहू पिता रेवती लाल साहू उम्र 22वर्ष और उनकी पत्नी सुमनी साहू उम्र 21वर्ष तथा उनका एक बच्चा मयंक साहू उम्र 2 वर्ष सहित रोड पर खून से लदपथ गंभीर हालत में घायल पड़े हुए दिखे। दंपत्ति और उनके छोटे बच्चें को देखकर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने तत्काल अपनी गाड़ी से उतरकर भारी बारिश में घायलों को उपचार हेतु अपनी ही वाहन में बच्चें को अपनी गोद में लेकर तथा दंपत्ति को गाड़ी में अस्पताल पहुंचाया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सूरज सिंह राठौर को घायलों का तत्काल इलाज शुरू करने सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराकर घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ करने निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर से प्राप्त जानकारी अनुसार सड़क दुर्घटना से घायल माता के सिर और नाक से अत्यधिक रक्त स्राव हो रहा था। जिस कारण वो कोमा में जा रही थी साथ ही उनके पति के मुंह से रक्त स्राव हो रहा था। इन दोनो को समय में अस्पताल पहुंचा कर कलेक्टर ने मानवता का मिशाल कायम किया है जिससे उन्हें त्वरित रूप से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी खतरे से बाहर है और सभी का इलाज चल रहा है।



# जिले के जनपदों में नरवा रैली का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी ग्राम सुराजी योजना नरवा, गरवा, गुरवा, बाड़ी योजनांतर्गत नरवा संवर्धन से किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण हेतु जागरूकता के लिए जिले के जनपदों में नरवा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनों ने रैली निकालकर जल संरक्षण करने का संदेश दिया। जागरूकता कार्यक्रम में नरवा का उद्गम स्थल से लेकर नरवा संगम स्थल तक जागरूक रैली निकाला गयाा। बगीचा जनपद पंचायत अंतर्गत मैनी नदी उद्गम से ग्राम पंचायत सामरबार तक एवं फरसाबहार जनपद अंतर्गत केरसई से सिंगीबहार बूटकछार तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने नरवा विकास अंतर्गत जल संवर्धन के लिए जागरूकता रैली निकाला। जागरूकता रैली के दौरान ईश्वर प्रसाद ने बताया कि नरवा कार्यक्रम के तहत् उन्होंने टमाटर, खीरा आदि लगाकर 85 हजार रुपए आमदनी अर्जित किया है। इसी प्रकार संतोष एवं महादेव ने टमाटर लगाकर 60-60 हजार रुपये, की आमदनी अर्जित किया। रघु ने भी सब्जी बेचकर 45 हजार, मधुसूदन ने भी गेहूं का विक्रय कर 50 हजार रुपये लाभ अर्जित किया। किसानों ने बताया कि नरवा के माध्यम से जल संरक्षण होने से जल स्रोत में वृद्धि हो रही है जिससे सभी मौसम में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो पा रही है जिससे हम निश्चित होकर खेती-बाड़ी कर पा रहे हैं। उन्होंने अन्य लोगों को भी नरवा के माध्यम से जल संरक्षण कर आर्थिक लाभ अर्जित करने कहा। सभी किसानों ने जल संवर्धन वृद्धि के लिए संकल्प लिया तथा दीपदान किया।




# स्वीप सतरंगी माह का उद्देश्य निर्वाचन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना-कलेक्टर

## युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ लोगों को करें जागरुक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



**वोटर हेल्पलाइन एप से कर सकते हैं चेक, अपना एवं परिजनों का नाम**




स्वीप कार्यक्रम के तहत आज किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय में 'मतदान जागरूकता में युवाओं की भूमिका' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया था। मुख्य वक्ता के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहें।

किरोड़ीमल शासकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित व्याख्यान में कलेक्टर सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपना नाम ऑनलाइन माध्यम में भारत निर्वाचन आयोग के 'वोटर हेल्पलाइन एप' के माध्यम से आसानी से जुड़वा सकते हैं। इसी तरह ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से जुड़वा सकते हैं। साथ ही अपने परिजनों का नाम मतदाता सूची में हैं या नहीं चेक कर सकते हैं। इससे संबंधित समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1950 में कॉल कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को निर्वाचन आयोग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं बदलाव की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर सिन्हा ने निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलवायी।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए निर्वाचन को परिभाषित किए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें यह अधिकार मिला हैं। चुनाव ही हमारी आजादी है, इसलिए अपने चुनाव के अधिकार का सही उपयोग करें।

### युवाओं ने रखे अपने विचार, कलेक्टर सिन्हा ने दिया पुरस्कार

आयोजित व्याख्यान में महाविद्यालय के नवीन दुबे, सोनम सिंह राजपूत ने 'मतदान जागरूकता में युवाओं की भूमिका' पर अपने ने विचार रखें। उन्होंने निर्वाचन में युवा, महिलाओं की भूमिका के साथ ही आस-पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना कितना महत्वपूर्ण है बताते हुए, वोट का महत्व, रैली एवं निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता पर अपने विचार रखें। इस दौरान ईशा यादव एवं सिद्धि गुप्ता ने निर्वाचन से संबंधित गीत प्रस्तुत की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हे पुरस्कार प्रदान किया।

# 45 करोड़ की लागत से बन रहे पुल जशपुर सीमा तक कार्य धीमी, मूसलाधार बारिश के कारण आवागमन बाधित

### आखिर जिम्मेदार कौन? किसानों ने कहा हमारी खेती प्रभावित हुई है उसका हमे मुआवजा दे विभाग व ठेकेदार

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।







सोमवार देर रात से कुसमी में मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। बारिश से अनेक बांधों में पानी लबालब भर चूका हैं। लगातार बारिश की वजह से नदी नाले उफान पर हैं। अनेक रास्तों से यातायात ठप्प है। कुसमी से जशपुर मुख्यमार्ग पर स्थित गलफुल्ल नदी में निर्मित पुलिया बारिश की वजह से पहाड़ों व नालों से उतरे अत्यधिक पानी में डूब गया इससे घंटो आवागमन बाधित रहा। जानकारी के अनुसार हर वर्ष यहां बरसात में तेज बारिश होने पर पुलिया पानी में डूब जाता हैं और घंटो अवगमान बाधित होता हैंए बड़े और ऊंचे पुल की आवश्यकता हैं, जिसमे भविष्य में लोगों को निजात मिला सकेगा। नदी सीमा रेखा से लगे होने के कारण कई गावों के नाले भी उफान पर हैं। बाढ़ का पानी खेतों में घुसने के कारण किसानों का भी काफी नुकसान हुआ है। कुसमी नगर सहित आस- पास के कई गांव में ग्रामीण लगातार मूसलाधार बारिश के कारण प्रभावित हैं। प्रभावित होने वालों ग्रामीण इसकी सूचना शासन प्रशासन तक एक दूसरे से माध्यम से पंहुचा रहें हैं। जानकरी के अनुसार करीब 45 करोड़ की लागत से कुसमी से जशपुर रोड़ पर 16 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा हैंए इस बिच ग्राम पंचायत नीलकण्ठपुर में निर्माणाधीन पुलिया के पास अत्यधिक मिट्टी मुरुम भर दिए जाने की वजह से बारिश का पानी एकत्र हों गया। जहां यात्री बस, राहगीरों, छोटे बड़े वाहन सहित स्कूली छात्र . छात्राओं को आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं। अव्यवस्था के बिच भरी बरसात में पुलिया का निर्माण कार्य किए जाने से इस रास्ते से रोजाना गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानिया उठानी पड़ रहीं है। हालंकि सत्ता पक्ष हों या विपक्ष किसी की इसकी चिंता नहीं हैं सभी जनप्रतिनिधियों के मौन साधे रहने की वजह से ठेकेदार एवम विभाग के अधिकारी इस ओर सुध लेने नहीं पहुंच रहें हैं।

उनके हौसले और भी बुलंद है। इस ओर संज्ञान लेने की जरुरत हैं। साथ इस स्थान पर पानी की निकासी नहीं होने की वजह से किसानो को खेती में भी बाधा उत्पन्न हों रहीं हैं। वही हमारे संवाददाता ने ग्राउंड जीरो पर पहुंच कर नीलकण्ठपुर के ग्रामीणों से बात चीत जहां कई किसानों की खेती प्रभावित हुई है।

उमेश पैंकरा किसान का कहना है कि बन रहे पूलिया निर्माण को लेकर हम ठेकेदार मुंसी को काम जल्द करने को कहते थे। लेकिन काम धीमी.गति होने के वजह से आज हमारी खेती बर्बाद हुई है। 2-4 दिन पहले ही रोपा हम किये थे। काभी नुकसान हो गया है। हमारा फसल बर्बाद हुआ है। जिमेदार हम विभाग के लोगों को व ठेकेदार को मानते है। हमारा जो नुकसान हुआ है उसका भरपाई करे।

कांग्रेस नेता दीपक बुनकर ने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही व बहुत ही धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है। जो आज आमजन को ग्रमीणों को स्कूल बच्चे को किसान को आवागमन ठप्प हो जाने से बहुत दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही किसानों की जो कई एकड़ में जो फसल बर्बाद हुई है। उसे मुआवजा मिलना चाहिए अगर ठेकेदार व विभाग की इसी तरह काम लापरवाही चलता रहा तो हम जन-आंदोलन करने के लिए सभी ग्रामीण बाध्य होंगे।

## हम सभी शासन का काम करने आए, काम करेंगे, काम अटकना नहीं चाहिए - सौरभ कुमार

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।



कोरबा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उन्होंने सभी अधिकारियों को अपना परिचय देते हुए कहा कि हम सभी शासन द्वारा जिले में नियुक्त किए गए हैं। हम सभी अपनी जिम्मेदारी को भली भांति जानते हैं। शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हमारी प्राथमिकता होगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि हम लोग काम करने आये हैं, इसलिए शासन का काम अटकना नहीं चाहिए। कोरबा में पदस्थ है तो यहां ईमानदारी से अपना काम सर उठाकर करिए। उन्होंने मंत्री विधायक और जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए जनहित के कार्यों और आमनागरिकों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में भी प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में निर्वाचन भी होना है। निर्वाचन का कार्य जिम्मेदारी और बहुत ही पारदर्शिता से जुड़ा है। कोई आपके कार्यों पर उंगली न उठाएं इसलिए इसे समय पर और बहुत ही गंभीरता से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शासन के जो भी कार्य प्रगति पर है उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निविदा संबंधित प्रक्रिया समय पर हो और कार्यों में गुणवत्ता का पालन भी होना चाहिए।

## सायकल रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के अवसर पर आज जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता हेतु सायकल रैली का आयोजन किया गया। जिला नोडल स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, निगमायुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खांडे, अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने रैली में शामिल होकर नगरवासियों को मतदाता जागरूकता हेतु प्रोत्साहित किया। एसडीएम कोरबा सीमा पात्रे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर जिला कार्यालय से निकलकर शहर के कोसाबाड़ी, सुभाष चौक घंटा घर जैसे मुख्य मार्गो से होते हुए मिनी माता गर्ल्स महाविद्यालय में समाप्त हुई। जहां उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### अनिल कुमार सिदार होंगे कोरिया जिले के अपर कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।



छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग नया रायपुर के आदेश के परिपालन में एमसीबी जिले में नवपदस्थ अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा ने नवपदस्थ अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व भी सौंपा गया है।

### कलेक्टर ने अपर कलेक्टर रामप्रसाद चौहान को उप जिला निर्वाचन अधिकारी किया नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने अपर कलेक्टर रामप्रसाद चौहान को जिला कार्यालय में पदस्थ करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। विदित हो कि छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा संयुक्त कलेक्टर रामप्रसाद चौहान को अपर कलेक्टर के पद पर नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर ने चौहान को अनुविभागीय अधिकारी बगीचा से जिला कार्यालय में पदस्थ करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त तक उप जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टिकोण से जिला जशपुर में पदस्थ चार राज्य प्रशासनिक अधिकारियों को नवीन पदस्थापना स्थान पर आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है। जिसके तहत् डिप्टी कलेक्टर श्यामा पटेल को एसडीएम जशपुर से एसडीएम कुनकुरी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुमार कुशवाहा को जिला कार्यालय जशपुर से एसडीएम जशपुर में नवीन पदस्थापना किया गया है। साथ ही संयुक्त कलेक्टर रामशिला लाल को एसडीएम पत्थलगांव से एसडीएम बगीचा तथा डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी को जिला कार्यालय जशपुर से एसडीएम पत्थलगांव नवीन पदस्थापना किया गया है। एसडीएम जशपुर को तहसील जशपुर व मनोरा एवं एसडीएम कुनकुरी को तहसील कुनकुरी के आहरण एवं संवितरण अधिकारी के प्रभार सौंपे गए हैं।

### हाईस्कूल का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 4 नाबालिग को पुलिस ने पकड़ कर समान किया जप्त

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।




स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य लेफसिंह ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17-18 जुलाई के दरम्यानी रात्रि में स्कूल का ताला तोड़कर अज्ञात चोर के द्वारा बर्तन सहित अन्य सामग्री चोरी कर लिया गया है। प्राचार्य की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी सूरजपुर को दिए। मामले की विवेचना के दौरान थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि सुभाष चौक के पास कुछ लड़के पुराना बर्तन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दबिश देकर 4 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालकों को पकड़ा गया। पूछताछ पर चारों ने स्कूल से चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर चोरी का बर्तन, पंखा व अन्य सामग्री कीमत 10 हजार रूपये का बरामद किया। मामले में चारों विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालकों को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रामकुमार नायक व राधेश्याम साहू सक्रिय रहे।

## कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न हो, मतदाता सूची के कार्य को गंभीरता से करें - कलेक्टर

तहसील, नायब तहसीलदारों को मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज जारी एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों पर चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए सर्वप्रथम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को समझना और जानना आवश्यक है। इसलिए सभी अधिकारी प्रक्रिया के अनुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का अवलोकन करें। कोई भी मतदाता छूटे नए इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्राप्त कर नाम जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अनावश्यक किसी भी मतदान केंद्र का स्थान परिवर्तित न किया जाए। कलेक्टर ने निर्वाचन के कार्यों को निर्धारित समय में जिम्मेदारी के साथ त्रुटिरहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया कि नई तहसील बनने के बाद कंट्रोल टेबल को जांच ले। किसी प्रकार की कमी महसूस होने पर जानकारी दे और ठीक करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सबकी भूमिका सर्वोपरि है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर पाए, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने अनुभाग क्षेत्रों में राजीनीतिक दल के पदाधिकारियों की बैठक लेने और राजीनीतिक दलों को उनके द्वारा बूथ स्तर पर प्रतिनिधि नियुक्त करने के साथ अन्य आवश्यक गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में गंभीरता दिखाने तथा दिव्यांग और 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के नामों का मिलान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्र में मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने, संबंधित बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं के संबंध में जानकारी रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, दिनेश नाग, एसडीएम पाली शिव बनर्जी, एसडीएम कोरबा सीमा पात्रे, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा हरिशंकर पैकरा सहित सभी डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### शिकायत आई तो सीधे कार्यवाही होगी-

कलेक्टर सौरभ कुमार ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व संबंधित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण के निर्देश देते हुए यह भी कहा कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों पर नियंत्रण रखें और सिस्टम को टाइट रखकर काम करें। किसी की शिकायत आई तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें - कलेक्टर सौरभ कुमार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आज कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र रामपुर पीडब्ल्यूडी उच्च माध्यमिक विद्यालय, शा.उ.मा.वि. अंधरीकछार एवं शासकीय ई व्ही पीजी कॉलेज के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया और बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और दिव्यांग मतदाताओं, 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात मतदान केंद्रों में जाकर बूथ लेबल अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की और निर्वाचन कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं, दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की जानकारी रखते हुए पर्याप्त संख्या में नाम जोड़ने और नाम काटने हेतु प्रपत्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची में किसी तरह की त्रुटि न हो इसे परीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का सत्यापन करने के साथ ही ऐसे मतदान केंद्र जहां भवन जर्जर है उसके बदले उसी परिसर के भवन में ही मतदान केंद्र बनाते हुए कमरे के बाहर आवश्यक जानकारी का उल्लेख करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों में संख्या के आधार पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मतदाता सूची में अंकित मतदान केंद्र के सभी फोटो को अपडेट करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम सीमा पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार खांडे, बीईओ संजय कुमार अग्रवाल, तहसीलदार अमित केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

## जिले के मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई विशाल रैली- कलेक्टर ने दिलाई शपथ







जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग और छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार आज से मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ जो माहांत यानी 31 अगस्त तक चलेगा। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का वृहत् आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्ग के युवक-युवती, विद्यार्थी, सफाई कर्मी, एनसीसी कैडेट्स, वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने रैली में शामिल सभी लोगों को अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत मतदान करने और मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई। आज सुबह 8 बजे से आयोजित रैली स्थानीय गढ़ चौक, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के समीप से मुख्य मार्ग होते हुए कलेक्टोरेट चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान काफी तेज बारिश भी हो रही थी। रैली में शामिल उत्साही लोगों का कारवां बारिश भी नहीं रोक पाई। कलेक्टर की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में युवक-युवती, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी हाथों में मतदाता जागरूकता के स्लोगन वाली तख्ती लेकर पूरे जोश के साथ रास्ते भर नारे लगाते रहे। विशाल रैली कलेक्टोरेट चौक पर समाप्त हुई जहां पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिद्दीकी ने नगरवासियों को संबोधित करते हुए आज से प्रारम्भ हो रहे मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी और निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत कराया। तदुपरांत उन्होंने मौजूद सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और प्रत्येक वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज सहित जिला स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि, स्वामी आत्मानंद विद्यालय व विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक, सफाई कर्मी तथा स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



# नरेगा कार्यों में घोर भ्रष्टाचारी का मामला आया सामने

## आखिर 5 महीने में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने क्या किया जांच का विषय

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



### रोजगार सहायिका,पूर्व सरपंच एवं सरपंच के ऊपर लगे गंभीर आरोप

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में कई तरह के भ्रष्टाचार का मामला सामने दिखाई दे रहा है चाहे वह पंचायती राज का मामला हो, चाहे राजस्व क्षेत्र का मामला हो, चाहे पशु को लेकर के कुछ इसी तरह का मामला जिले के विकासखंड सिमगा क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत लिमतरा जहां पर रोजगार सहायिका बंजारे पति रमेश बंजारे, पूर्व सरपंच तथा सरपंच के ऊपर गंभीर मामला पूरे गांव वालों ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया। मामला का विवरण इस प्रकार से है कि मनरेगा का कार्य ग्राम पंचायत लिमतरा में चलता था तब ग्राम वासियों की मानें तो 2017 से लेकर 2023 तक जब भी रोजगार गारंटी का कार्य चला तब तब कई तरह के फर्जी मस्टर रोल तैयार की, है जिनमें कार्य करने वालों की लिस्ट तो नाम मिल जाएगी मगर जो घर पर बैठे हैं या, जो बाहर हैं यहां तक कि जनप्रतिनिधियों में सरपंच भी शामिल है तक का भी नाम रोजगार गारंटी कार्य में मस्टर रोल में दिखाई दे रहा है। इसी तरह का मामला मनरेगा के कार्य में जब स्वच्छ भारत मिशन के तहत जब शौचालय ग्राम पंचायत में बनाई गई तब ग्राम वासियों के द्वारा यह जानकारी मिला कि शौचालय स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वयं के द्वारा हितग्राहियों को बनाना रहता है और दूसरा ग्राम पंचायत के द्वारा बनाया जाता है मगर जितने भी वहां के हितग्राही हैं उनको ग्राम प्रमुख मुखिया के द्वारा कहा गया कि हमारे यहां शौचालय बनना है और आप लोग स्वयं बनाएं जिसमें आप लोगों को उसका पैसा बाद में मिल जाएगा। अगर कोई स्वयं के द्वारा शौचालय नहीं बनाया तो उनका राशन कार्ड भी कटवा दिया जाएगा जिस बात के डर से ग्राम वासियों ने मनरेगा के तहत शौचालय निर्माण को भी स्वयं के द्वारा बनवाया जिसका भुगतान सरपंच ने कई तरह से किए जिसमें हितग्राहियों ने यह भी बताया कि मात्र उनको 4-4 हजार रुपए ही मिला है 8000 अभी भी लेना बाकी है और इस तरह से ग्राम पंचायत लिमतरा में लगभग 285 शौचालय निर्माण कार्य हुए जो स्वयं के द्वारा लोगों ने अपने घरों में कराया और इस तरह से लगभग 30 लाख से ऊपर की गबन जो रोजगार सहायक सरपंच के द्वारा की गई। और इतना ही नहीं बल्कि ग्राम वासियों ने यह भी बताया कि जैसे शौचालय के पैसे को लेकर गड़बड़ी की गई उसी तरह से रोजगार सहायिक अनीता बंजारे के द्वारा जब-जब रोजगार गारेंटी मैं भी मस्टर रोल में फर्जी हस्ताक्षर लोगों के किए गए हैं और जो कार्य में नहीं है उनका भी दस्तकत हुआ है और यह भी एक भ्रष्टाचार का रूप दिखाई दे रहा है सभी विषयों पर ग्राम वासियों के द्वारा कलेक्टर रजत बंसल को पूर्व में आवेदन दी गई थी जांच के लिए तथा आज दिनांक में भी कलेक्टर को पुन: जांच के लिए आवेदन दिया गया है ग्राम वासियों की माने तो रोजगार सहायिका बंजारे किसी प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाती है तथा उनका कई सारे रोजगार सहायक के काम उनके पति रमेश बंजारे भी करते हैं यहां तक कि लोगों ने यह भी बताया कि जब रोजगार गारंटी का कार्य चलते रहता है तब भी वह पढ़ाने चली जाती है तो ऐसे में वहां का कोई माई बाप है या नहींएक्या उनके पति ही पूरा कार्य करते हैं सभी जितने भी विषय उपरोक्त लिखी हुई है वह जांच का विषय है लोगों ने यहां बताया कि जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा कराई गई है मगर उसका रिपोर्ट आज दिनांक तक नहीं मिल पाया है अब देखने वाली बात होगी जांच के बाद रिपोर्ट तैयार होती है और किन.किन बिंदुओं पर जांच हुई और मुख्य कार्यपालन अधिकारी या रोजगार सहायकों को जांच में दोषी पाते हैं और क्या इस तरह का गबन घोटाले का मामला को लेकर जो राशि की जांच की बात आई वह लोगों को मिल पाता है या नहीं। इस विषय पर बात करने के लिए रोजगार सहायक का प्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दूरभाष पर आ गया मगर बात नहीं हो पाई,खबर अभी बाकी है वह अगले अंक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात करके पुन: प्रकाशन की जाएगी।

# शिक्षक की तरह कलेक्टर ने क्लास रूम में जाकर विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व




जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिले के नवनियुक्त कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज अपनी जॉइनिंग के दूसरे ही दिन शहर के स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व को बताया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर, शासकीय माध्यमिक शाला अंधरी कछार में क्लास रूम को देखा और विद्यार्थियों से बातचीत की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शिक्षा का जीवन में महत्व को बताते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और बीईओ कोरबा को निर्देशित किया कि स्कूलों में जो भी समस्याएं हैं उसे शीघ्रता से दूर करें।

# कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी दी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 25 मई से 23 जून तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया गया। इसी तरह 24 जून से 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों की युक्तियुक्त करण की जानकारी भी उन्होंने दी। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि फोटो युक्त मतदाता सूची एवं सेवा निर्वाचकों से संबंधित मतदाता सूची का प्रकाशन 2 अगस्त 2023 की स्थिति में किया गया है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा और 23 पाली तानाखार के सभी 1080 मतदान केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित होने की जानकारी दी और बताया कि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने प्रारूप-6, प्रारूप-7, प्रारूप-8 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने तथा संशोधन के संबंध में भी आवश्यक जानकारी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को प्रदान की। कलेक्टर ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आग्रह किया कि मतदान केंद्रों में वे अधिकृत बूथ लेवल प्रतिनिधि नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने नियमानुसार मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर लेने का आग्रह किया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एम.के. खाण्डे, एसडीएम सीमा पात्रे, तहसीलदार कोरबा अमित केरकेट्टा और विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### खाद्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने मतदाता जागरूकता के तहत की पौधारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




नागरिक आपूर्ति निगम के जिला कार्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अधिकारियों कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् जिला प्रशासन से जारी निर्देशानुसार शपथ लिया गया। शपथ ग्रहण के दौरान चित्रकांत ध्रुव खाद्य अधिकारी, सूर्यकांत शुक्ला, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता शपथ उपरांत जिला कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्य किया गया। इस दौरान विभिन्न पौधो का वृक्षारोपण किया गया। विशेष रूप से नीम के पौधो को लगाया गया हैए जो कि प्रति घंटा 1 टन आक्सीजन पैदा करने के साथ-साथ वायु में फैले अशुद्व वायु को शुद्ध भी करता हैए जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है। जैसे एक मां अपने बच्चों का ध्यान रखती हैए ठीक उसी प्रकार नीम का पेड़ एक साक्षात मा के समान सेवा करती है। नीम के पौधों को लगाने का मुख्य उद्देश्य आमजनो तक अधिक से अधिक मात्रा में आक्सीजन की उत्पत्ति करना है और आमजनो को सेहतमंद बनाना है।

### जिले में 512.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 2 अगस्त तक 512.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 24.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 482.1 मिली मीटर, पुसौर में 590.5, खरसिया में 329.6, घरघोड़ा में 418.7, तमनार में 525.3, लैलूंगा में 529.2, मुकडेगा में 606, धरमजयगढ़ में 546.3, छाल में 438.5 एवं कापू में 662.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### क्रिकेट में मिली चमकीली सफलता

4 महिला खिलाड़ियों का राज्य टीम में चयन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा सभी उम्र वर्ग के महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। जिसमें जिले की अनेक महिला खिलाड़ियों का चयन राज्य की टीम में किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा राज्य स्तरीय ट्रायल लिया गया था जिसके तहत बीसीसीआई ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर महिला क्रिकेट में भागीदारी हेतु राज्य की टीम घोषित की गई जिसमें जिले की ममता भगत, छत्तीसगढ़ की अंडर 23 टीम में शामिल की गई है। जबकि मंसा साव एवं भूमि मैत्री अंडर 19 की छत्तीसगढ़ टीम में चुनी गई है। इसी तरह प्रेम शिक्षा कुजूर अंडर 16 राज्य टीम के लिए चयनित हुई है। जिले से 4 खिलाड़ियों के महिला राज्य टीम में चयन होने पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, रवि सिंह,, शानू भयानी, अमित कुंवर, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, आदित्य शर्मा, हिमांशु चावड़ा आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### जनचौपाल में आए 94 आवेदन

**कोरबा** । जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचें लोगों से अपर कलेक्टर द्वय श्री प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार ने मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदकों ने बारी-बारी से अपर कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की। जनचौपाल में 94 लोगों ने आवेदन दिए। जिसके अंतर्गत एसईसीएल कोरबा कृष्णानगर वार्ड निवासी छात्रा मयंक वैष्णव ने मांग रखी कि वह सीपेट में डीपीएमडी कोर्स में प्रवेश लेना चाहती है।

# रोजगार मेले से स्थानीय युवाओं को मिल रहा रोजगार, 4 माह में 1150 से अधिक को मिला जॉब ऑफर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैय्या कराने के लिए जिला प्रशासन कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में लगातार कार्य कर रहा है। इसके लिए जिले में रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। बीते 4 माह में लगे शिविरों में 1150 से अधिक युवाओं को स्थानीय उद्योगों एवं कंपनीज में रोजगार मिला है। अप्रैल माह में तमनार में वृहत रोजगार मेला लगाया गया था। जहां एक ही दिन में मेले में पहुंचे 710 युवाओं को कंपनीज द्वारा जॉब दिया गया था।

गौरतलब है कि युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराने के लिए कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक लेकर अधिक से अधिक वेकेन्सी जारी कर स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है। जिसके आधार पर समय-समय पर रोजगार मेला, काऊंसिलिंग शिविर जैसे आयोजन किए जा रहे है। जहां आवेदकों को कंपनी से सीधा संवाद का मौका मिल रहा है तथा कई कंपनियों में भर्ती की प्रक्रिया एक साथ हो रही है। जिसका लाभ स्थानीय युवाओं को मिल रहा है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जिला प्रशासन के विभागों द्वारा किए जा रहे समन्वित प्रयास का नतीजा है कि अब रायगढ़ जिले के युवाओं को यहां स्थापित उद्योगों और कंपनियों में काम मिल रहा है। रोजगार मेले के आयोजन की प्रक्रिया को आवेदकों हेतु आसान करने के लिए तकनीकी नवाचार करते हुए 'रायगढ़ रोजगार मितान' पोर्टल भी बनाया गया है। जहां एक बार रजिस्ट्रेशन कर हितग्राही को इन मेलों में सीधे शामिल होने की सुविधा मिल रही है। वहीं आने वाले वैकेंसी की जानकारी भी वे पोर्टल पर देख पा रहे हैं।

#### बेरोजगारी भत्ते के साथ दे रहे स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शासन द्वारा पात्र पंजीकृत हितग्राहियों को प्रतिमाह 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जा रहा है। जिले में अब तक 2553 हितग्राहियों को 1.80 करोड़ रुपये का बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया गया है। इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग भी दी जा रही है। जिसमें उन्हें डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, रिटेल सेल्स ऐसोसिएट, सेविंग मशीन ऑपरेटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर जैसे ट्रेड का प्रशिक्षण लाईवलीहुड कालेज में दिया जा रहा है।

#### रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल के नवाचार से रोजगार मेले में शामिल होना हुआ आसान

युवाओं को रोजगार मेले से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा 'रायगढ़ रोजगार मितान' वेबपोर्टल बनाया गया है। पोर्टल में पंजीयन करने पर आवेदक का एक प्रोफाइल तैयार हो जाएगा। जिसमें उसकी बेसिक जानकारी और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी दर्ज रहेगी। इसका लाभ यह होगा कि आवेदक को रोजगार मेले में शामिल होने के लिए बार बार पंजीयन करवाने की जरूरत नहीं होगी। वह मेले के रजिस्ट्रेशन काउंटर में जाकर अपनी जानकारी देकर सीधे भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेगा।

ऑनलाइन पंजीयन का एक फायदा यह भी होगा कि रोजगार मेला आयोजन पर उसमें शामिल वेकेंसी अथवा जॉब कैटेगरी के आवेदकों को उसका नोटिफिकेशन उनके फोन पर मिलेगा। जिसमें किसी भी तरह की वेकेंसी आने पर या रोजगार मेला आयोजन या उससे संबंधित योग्यता रखने वाले अथवा उस जॉब कैटेगरी के आवेदकों को मेले के वेकेंसी के बारे में सूचना चली जायेगी। जिसकी पूरी डिटेल वे पोर्टल पर लॉगिन कर कैंडिडेट डैशबोर्ड से भी देख सकेंगे।

# बिलाईगढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा पक्ष में जीत दिलाने कार्य कर रहे-विजय गोयल

* जनता की समस्या मेरी पहली प्राथमिकता-विजय गोयल

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



बिलाईगढ़ विधानसभा के प्रबल दावेदारी कर रहे भाजपा नेता विजय गोयल इन दिनों अपने आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर काफी क्षेत्र में सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने इस समय लगातार एक के बाद एक क्षेत्र में युथ से लेकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर रहे हैं जनता के बीच हर छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान में भी लगे हुए हैं। ताकि आने वाले समय में इस बार बिलाईगढ़ विधानसभा को पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा के पक्ष में जीत दिलाने को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने केंद्र सरकार कि हर जन कल्याणकारी योजनाओं को भी गांव-गांव से लेकर हर गरीब तबके के लोगों को भी इसका सीधा लाभ पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने इसी बीच जनसंपर्क के दौरान बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया।

#### क्षेत्र के लोगों में दिखा काफी उत्सुकता

इस समय क्षेत्र की जनताओं में भी काफी उत्सुकता से भाजपा नेता विजय गोयल पूर्व जनपद सदस्य को भावी विधायक के रुप में भी देख रहे हैं। तथा ग्रामीण स्तर में भी विजय गोयल को देखकर महिलाएं एवं युवाओं व बुजुर्ग बच्चों में भी खुश महसूस कर रहे हैं ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अगर विजय गोयल को भाजपा पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो उसका जीत निश्चित तौर पर होगा और इसका सीधा असर बिलाईगढ़ विधानसभा में बहुत बड़ा बदलाव भी होगा क्षेत्र में विकास का रास्ता भी खुल जाएगा विधानसभा में ऐसी बहुत से गांव है जहां कई असुविधाएं देखने को मिलेगा जहां आवागमन के लिए कच्ची सड़क पक्की रोड का रिपेयरिंग ना पेयजल की व्यवस्था सीसी रोड नाली निर्माण का ना होना ऐसी कई विभिन्न समस्याओं को ग्रामीणों ने बताया और उन्होंने ये भी कहा कि अभी वर्तमान में गांव के हर छोट-छोटी समस्याओं को निराकरण करने निरंतर प्रयासरत हूं जिससे क्षेत्र की जनता काफी खुश है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। साथ ही जिले में स्थित दो विधानसभा क्षेत्र सारंगढ़ व बिलाईगढ़ में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण और नवीन केंद्रों की स्थापना के संबंध में अवगत कराया। बैठक में उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज से 31 अगस्त 2023 तक चलाया अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के अलावा संशोधन, परिवर्तन के लिए संबंधित मतदान केन्द्र में जाकर फॉर्म 6, 7 या 8 भरकर अथवा बीएलओ के माध्यम से भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे युवक युवती जो 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के बारे में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में विधानसभा क्षेत्रवार कुल 15 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदाय की गई है। इसके तहत सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17 में 3 नए मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जबकि दो केन्द्रों के भवन का नाम परिवर्तन तथा तीन के अनुभाग में परिवर्तन किया गया है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में 12 नवीन मतदान केन्द्र की स्थापना को आयोग ने मंजूरी दी है। इस विधानसभा क्षेत्र में दो केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, 25 का भवन परिवर्तन, 9 मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन, 3 के अनुभाग में परिवर्तन तथा 1 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 342 से बढ़कर 345 हो गई है तथा बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की संख्या 364 से बढ़कर 376 हो गई है। यानी मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 706 से बढ़कर अब 721 हो गई है। डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 3 नवीन केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिनमें केन्द्र क्रमांक 98 प्राथमिक शाला भवन मुड़ियाडीह, क्र. 118 प्राथमिक शाला भवन नाचनपाली और क्रमांक 196 प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष ठेंगाकोट को नवीन मतदान केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 नए मतदान केन्द्र स्थापित हैं। इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 59 प्राथमिक शाला माहुलडीह, क्रमांक 85 प्राथमिक शाला भवन डोंगियाभाठा, क्रमांक 176 शासकीय प्राथमिक शाला इंदिरा नगर भटगांव, क्र. 182 प्राथमिक शाला गंगोरीटाड़ा, क्र. 192 शासकीय प्राथमिक शाला गोंदली, क्र. 242 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुरकीनडीह, क्र. 256 शासकीय प्राथमिक शाला दलदली, क्र. 282 शासकीय माध्यमिक शाला तालाझर, क्र. 284 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छतालडबरा, क्र. 288 शासकीय प्राथमिक शाला भवन ढेबा, क्र. 337 प्राथमिक शाला दयालपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 354 शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रनगर सम्मिलित हैं। राजनीतिक दलों के बैठक लेने से पूर्व, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस वार्ता आहूत कर जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों व कार्य योजनाओं से अवगत कराया।

# उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का गृह जिला में स्वास्थ्य सुविधा बेहाल

## अस्पताल से डॉक्टर नदारद, मरीज हो रहे हलाकान

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

**बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली लेकर आम जनता के साथ-साथ अब यहां काम करने वाले कर्मचारी भी आंसू बहा रहे हैं।**

यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि इसी अस्पताल में काम करने वाली कर्मचारी डागरमति बाई अपने बीमार बच्चें को गोद में लेकर रोते बिलखते बच्चे के साथ डगरमति खुद इस अस्पताल की बदहाली बयां कर रही है। जानकारी के मुताबिक डगरमति का बच्चा पेट दर्द से परेशान था जिसको डॉक्टर से दिखाने के लिए बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई लेकिन यहां घंटों इंतजार करने के बाद भी डॉक्टर नहीं आए और अपने बच्चे का दर्द से कराहना देख कर महिला कर्मचारी ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया में शेयर करते हुए कहा कि जब यहां के कर्मचारी ईलाज के लिए इतना परेशान हो रहे हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ग्रामीण कितने परेशान होते



होंगे, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां के बीएमओ डॉक्टर संतोष पैंकरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कम, फ ील्ड में ज्यादा रहते हैं, इसलिए डॉक्टर। एवं अन्य कर्मचारी अपने मनमाने समय में अपने ड्यूटी निभा रहे हैं जिसमें मरीजों एवं हास्पिटल कर्मचारी को परेशानी हो रही है। हॉस्पिटल की सफाई व्सवस्था भी बत्तर होते जा रही है बीएमओ भी फील्ड में ज्यादा और हॉस्पिटल में कम समय दे पा रहे हैं। हॉस्पिटल का बदहाली बया कर रही है

यहाँ के स्टॉप इंनचार्ज तो अपने मनमाने ढंग से ड्यूटी में आती है और स्टाप नर्स तो 10 से 12 स्टाप नर्स है पर 5 और 6 ही डियूटी करते हैं। आप अन्दाज लगा सकते हैं कि बतौली हास्पिटल का बदहाली समझ सकते हैं

आपको बता दे कि यह अस्पताल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंग देव का गृह जिला का है, यही से छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता अमरजीत भगत भी आते हैं उसके बाद भी यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी लचर है तो प्रदेश के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का हाल क्या होगा इस वीडियो से आप अंदाजा लगा ही सकते है।

### एक नजर

# पीथमपुर में आयोजित विशेष ग्रामसभा में शामिल हुई कलेक्टर



जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज ग्राम पंचायत पीथमपुर के ग्राम पंचायत सभाकक्ष में नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन हेतु आयोजित विशेष ग्रामसभा में शामिल हुई। इस अवसर पर कलेक्टर चौधरी ने उपस्थित ग्रामसभा के सदस्यों को शपथ दिलाई तथा सभी युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर 2023 को जो भी युवा 18 वर्ष के हो रहे हैं, वे सभी मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वा सकते हैं। निर्वाचन संबंधी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए 31 अगस्त तक बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे, वहां पर जाकर समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामसभा के सभी सदस्यों को शपथ दिलाया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के बाद आने वाले समय में अपने मताधिकार का प्रयोग कर जागरूक मतदाता होने का फ र्ज निभाएं तथा अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करे। कलेक्टर ने बीएलओ से ग्राम की जनसंख्या एवं वोटरों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओं को निर्देश देते हुए कहा कि पोलिंग बूथ में मतदाता सूची को सूचना पटल पर लगाये। जिससे आमजनों को इसकी जानकारी मिले। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उपनिर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, सरपंच, सचिव सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामसभा के सदस्यों को सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान करने की दिलायी शपथ**

# हर तिरंगा अभियान के महत्व को जागरूक करने डाकघरों में हो रही झंडों की बिक्री

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है। भारतीय डाक विभाग देश भर में अपनी पहुंच और जनशक्ति का उपयोग करते हुए हर घर तिरंगा अभियान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने देश के 1.6 लाख डाक घरों से झंडा का बिक्री किया जाएगा। इसके साथ ही नागरिक विभाग की ई-पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भी झंडा ऑनलाइन खरीद सकते हैं। मुख्य डाकघरों में सेल्फी प्वाइंट लगाया जाएगा तथा आने वाले ग्राहकों को सेल्फी लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा और लोगों को हर घर तिरंगा हैशटैग के साथ इंडिया पोस्ट के सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी सेल्फी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्त्तमान में बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर के मुख्य डाकघरों में मात्र 25 रूपए के दर पर झंडों की बिक्री आज से किया जा रहा है तथा शीघ्र ही अन्य डाकघरों में यह सेवा शुरू किया जाएगा।

# सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ सुविधाएं तो बढ़ी, लेकिन व्यवस्थित कुछ नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रियासतकालीन स्टेट धरमजयगढ़ में 21 वीं सदी में भी चिकित्सा व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आया है। आज भी सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में अव्यवस्था का आलम है। हां सुविधाओं में अनेक तरह का विस्तार हुआ है लेकिन जनता को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। आज भी सिविल अस्पताल में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। जिसके कारण छोटी-छोटी बीमारी के लिए मरीज को बाहर भेज दिया जाता है। व्यवस्था के लिए कुछ दिनों तक सर्जन डॉ. को यहां पदस्थ किया गया था। जिनके द्वारा कुछ क्रिटिकल मरीजों का सिजेरियन कर स्वास्थ्य लाभ




दिलाया गया था। लेकिन अब उनका स्थानांतरण हो गया है। चार दिन पहले प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई थी। जिससे अस्पताल में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया था। सिविल अस्पताल में प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को जिला चिकित्सालय से कई विभागों के विशेषज्ञ चिकत्सकों की टीम आती है। जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिल रहा है लेकिन महीने में एक ही दिन सुविधा मिलने से गंभीर मरीजों को बाहर ही जाना पड़ता है। सिविल अस्पताल में सोनोग्राफ ी मशीन भी उपलब्ध है लेकिन उसके उपयोग करने के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। जिस कारण माह के दूसरे बुधवार को कुछ गर्भवती महिलाओं का ही जांच हो पाता है। सिविल अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट लगकर तैयार है लेकिन अभी तक चालू नहीं हो सका है। बता दें कि धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल की स्थापना अंग्रेज जमाने की है। लेकिन अभी तक यहां चिकित्सा व्यवस्था को लेकर कोई विशेष सुधार नहीं हो सका है। हां नए नए कई भवन जरूर बन गए हैं। सिविल अस्पताल को सौ विस्तार अस्पताल बनाने मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी। जिससे क्षेत्र की जनता में अच्छे स्वास्थ्य सुविधा मिलने की आश जगी थी। लेकिन अभी तक तो उस ओर कोई ठोस पहल होता नहीं दिख रहा है। पता नहीं कब तक क्षेत्र की जनता को अच्छी चिकित्सा सुविधा यहां मिल पाएगी।

# ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय में रैली निकालकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

**ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुवात मतदाता जागरूकता रैली निकालकर किया गया।**







राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो टी आर पाटले ने लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता के वोट की महत्व को स्पष्ट करते हुवे कहा की हरेक मतदाता को अपने मत का प्रयोग किसी के बहकावे या प्रलोभन से नहीं बल्कि सोच समझकर करना चाहिए। भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र की सफ लता देश की जागरूक मतदाता से ही संभव है। उद्बोधन के क्रम में प्रो पाटले ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा की आप सभी विद्यार्थी इस देश के भविष्य हैं। इस देश के कर्णधार हैं इसलिए मतदान के संबंध में जागरूक रहें और अपने परिवार तथा आस पास के लोगों को भी जागरूक करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. के. राय ने भारत जैसे लोकतांत्रिक शासन में जागरूक मतदाता की भूमिका को बताते हुए रैली की शुरूवात किए। उक्त रैली लाखझार से तहसील कार्यालय पत्थलगांव तक आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, एन सी सी के कैडेट्स तथा अन्य छात्र-छात्रा, उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य द्वारा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को जागरूक मतदाता होने की शपथ दिलवाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक आरएस कान्त प्रो. अनुपमा प्रधान, डॉ. एसके मारकण्डे, प्रो.जेके भगत, अतिथि प्राध्यापक संजय बघेल, सुनिल यादव, नीलम मण्डावी, छबिल चन्द्रवंशी, बसंत यादव, हूमी सिंह, कु सुबल्या प्रधान, अल्पना कुजूर,एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रेली

## एसडीएम, तहसीलदार, अधिकारी-कर्मचारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गई है। वहीं मतदाताओं को जोड़ने एवं जागरूक करने भी अनेक तरह का आयोजन किया जा रहा है। धरमजयगढ़ अनुभाग में भी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली गई। जिसमें शामिल होने युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, थर्ड जेंडर, समाजसेवी संस्थाये व शासकीय कर्मचारी, छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया था। यह रैली नगर भ्रमण करते हुए



एसडीएम कार्यालय में संपन्न हुई। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों मतदान तथा हर 18 वर्षीय युवाओं को मतदाता बनने हेतु प्रेरित करना था। रैली में अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण सहित सैकड़ों छात्र-छात्रा शामिल हुए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वच्छता दीदियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के बैनर तले निकाली रैली

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।




2 अगस्त से नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम में पत्थलगांव नगर पंचायत के स्वच्छता दीदियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं नपं. कर्मचारियों के द्वारा आज मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रभाकर शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को शहर के तीनों मार्गों पर भ्रमण करते हुए लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान बैनर तले रैली निकाली। उक्त रैली का शुभारंभ नगर पंचायत परिसर से किया गया। इस दौरान स्वच्छता दीदियों द्वारा लोगों को अधिक से अधिक मतदान कर अपना मताधिकार का सही उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने नारे लगाते दिखे। इस रैली में अधिकारी रामप्रसाद यादव, निलकुसम एक्का, तरसिला खाखा, रेशमा किस्पोट्टा, किलिष्ता कुजूर, निलमनी एक्का, राजकुमारी, सीमा तिर्की, सुकारो लकड़ा, अल्मा एक्का, मीनू तिर्की, सुनीता, अनिता एक्का, सबीना लकड़ा, नेहा समेत अन्य महिला स्वच्छता कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाऐं मौजूद रहीं।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रेली

## एसडीएम, तहसीलदार, अधिकारी-कर्मचारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

आगामी विधानसभा लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गई है। वहीं मतदाताओं को जोड़ने एवं जागरूक करने भी अनेक तरह का आयोजन किया जा रहा है। धरमजयगढ़ अनुभाग में भी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली गई। जिसमें शामिल होने युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, थर्ड जेंडर, समाजसेवी संस्थाये व शासकीय कर्मचारी, छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया था। यह रैली नगर भ्रमण करते हुए




एसडीएम कार्यालय में संपन्न हुई। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों मतदान तथा हर 18 वर्षीय युवाओं को मतदाता बनने हेतु प्रेरित करना था। रैली में अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण सहित सैकड़ों छात्र-छात्रा शामिल हुए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in